नई दिल्ली ■ गुरुवार 15 जनवरी 2026 ■ मूल्य 5.00 ■ वर्ष 13 ■ अंक 288 ■ पृष्ठ 08

JBT जनभावना टाइम्स
www.thejbt.com
निष्पक्ष और निर्भीक खबर

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, गौतमबुद्ध नगर, देहरादून, लखनऊ, अलीगढ़, मथुरा, हिसार, कैथल एवं करनाल से प्रकाशित






"OUR ARMY ALWAYS PUTS THE NATION FIRST. I SALUTE ALL THOSE GREAT INDIVIDUALS WHO SACRIFICED THEIR LIVES WHILE SERVING THE NATION. INDIA WILL NEVER FORGET OUR VALIANT HEROES."

*–Prime Minister*

## OUR FALLEN HEROES IN THE YEAR 2025

| RANK | NAME | ARMS/SERVICES |
|---|---|---|
| CAPTAIN | KARAMJEET SINGH BAKSHI | INFANTRY |
| SUBEDAR MAJOR | PAWAN KUMAR, SENA MEDAL | INFANTRY |
| SUBEDAR | KULDEEP CHAND | INFANTRY |
| SUBEDAR | PERBHAT GAUR | INFANTRY |
| HAVILDAR | JHANTU ALI SHAIKH | INFANTRY |
| HAVILDAR | SUNIL KUMAR SINGH, SENA MEDAL | ELECTRONICS AND MECHANICAL ENGINEERS |
| NAIK | MUKESH SINGH | INFANTRY |
| LANCE NAIK | DINESH KUMAR, SENA MEDAL | ARTILLERY |

| RANK | NAME | ARMS/SERVICES |
|---|---|---|
| LANCE NAIK | PRITPAL SINGH | INFANTRY |
| LANCE NAIK | NARENDER SINDHU | INFANTRY |
| SEPOY | GAYKAR SANDIP PANDURANG | INFANTRY |
| SEPOY | HARMINDER SINGH | INFANTRY |
| RIFLEMAN | SUNIL KUMAR, VIR CHAKRA | INFANTRY |
| SOWAR | PANGALA KARTHEEK | ARMOURED |
| LANCE DAFADAR | BALDEV CHAND | ARMOURED |
| AGNIVEER | MOOD MURALINAIK, SENA MEDAL | ARTILLERY |

CBC 10127/13/0003/2526

Visit us at www.indianarmy.nic.in | www.facebook.com/Indianarmy.adgpi | www.twitter.com/adgpi | adgpi-Indianarmy | @Indianarmy.adgpi | adgpi-Indianarmy

# दिल्ली में 81 और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का शुभारंभ, संख्या बढ़कर 319 हुई







❖ जनभावना टाइम्स

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को मकर संक्रांति पर यहां के ग्राम नंगल राया में एक कार्यक्रम के दौरान 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर दिल्लीवासियों को समर्पित किए।

इन नए केंद्रों के शुभारंभ के साथ दिल्ली में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की संख्या बढ़कर 319 हो गयी है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपलब्ध विभिन्न स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार से निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी कक्ष, लैब, दवा वितरण काउंटर, वैक्सीनेशन यूनिट और जच्चा-बच्चा देखभाल केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की गुणवत्ता और कार्यप्रणाली की जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित नर्सों, डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ से बातचीत करते हुए उनके कार्य अनुभव और मरीजों को दी जा रही सेवाओं के बारे में फीडबैक प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री ने हेल्थ रिकॉर्ड सिस्टम की भी समीक्षा की। उन्होंने मरीजों के पंजीकरण, मेडिकल रिकॉर्ड और डेटा मैनेजमेंट की प्रक्रिया को विस्तार से समझा और अधिकारियों को निर्देश दिए कि रिकॉर्ड प्रणाली पूरी तरह पारदर्शी, सटीक और सुगम बनी रहे। इस अवसर पर हरि नगर के विधायक श्याम शर्मा सहित अन्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति और लोहड़ी के पर्व पर दिल्ली की जनता को 81 नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर समर्पित करना सरकार के लिए विशेष संतोष का विषय है। पिछली सरकारों के कार्यकाल में स्वास्थ्य ढांचे की अनदेखी के कारण कई अस्पतालों की परियोजनाएं वर्षों तक अधर में लटकी रहीं। वर्तमान सरकार अब उन सभी अधूरी परियोजनाओं को पारदर्शिता और तय प्रक्रिया के तहत पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली के स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए लगातार मदद दे रही है। इसी के तहत नए आयुष्मान आरोग्य मंदिर, लैब और हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा है। बीते 11 महीनों में दिल्ली सरकार ने 319 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जन औषधि केंद्र, पांच बड़े अस्पतालों में नए ब्लॉक, नई डायलिसिस मशीनों की स्थापना और सभी सरकारी अस्पतालों का डिजिटलीकरण जैसे जरूरी काम किए हैं। आज दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में मरीज मोबाइल से ओपीडी अपॉइंटमेंट और मेडिकल रिकॉर्ड प्राप्त कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित हुई है।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत दिल्ली में 6 लाख से अधिक नागरिक पंजीकृत हो चुके हैं और हजारों परिवारों को अब तक मुफ्त इलाज का लाभ मिल चुका है। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के इलाज की आय सीमा 2.5 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये की गई है। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का यह विस्तार बड़े अस्पतालों पर दबाव कम करेगा और नागरिकों को घर के पास सुलभ, निःशुल्क और सम्मानजनक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। विकसित भारत के विजन के साथ विकसित दिल्ली का निर्माण सरकार का संकल्प है। सरकार के मुताबिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में डॉक्टर एवं अनुभवी नर्सिंग स्टाफ की सेवाएं, लगभग 80 प्रकार के डायग्नोस्टिक टेस्ट, जरूरी दवाओं का निःशुल्क वितरण, जच्चा-बच्चा स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग, मानसिक स्वास्थ्य सेवाएं, पोषण परामर्श और डे-केयर ट्रीटमेंट की सुविधाएं हैं।

### दिल्ली मेट्रो यात्रियों को बड़ी राहत
# अब स्टेशन से घर तक एकीकृत लास्ट माइल कनेक्टिविटी




**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) यात्रियों की सुविधा को और बेहतर बनाने की दिशा में एक और अहम कदम उठाने जा रहा है। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की परिकल्पना के अनुरूप डीएमआरसी ने सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड के साथ मिलकर एकीकृत लास्ट माइल कनेक्टिविटी सेवा शुरू करने का फैसला किया है। इससे मेट्रो स्टेशन से अंतिम गंतव्य तक यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और सुलभ परिवहन सुविधा मिलेगी।

डीएमआरसी ओ प्रवक्ता अनुज दयाल के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में रोजाना लाखों यात्रियों की जीवनरेखा बन चुकी दिल्ली मेट्रो तेज, सुरक्षित और भरोसेमंद परिवहन सेवा प्रदान कर रही है। हालांकि, मेट्रो स्टेशन से घर या कार्यालय तक पहुंचने के लिए लास्ट माइल कनेक्टिविटी एक बड़ी चुनौती रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए डीएमआरसी ने संगठित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन सेवाओं को मेट्रो से जोड़ने की पहल की है।

इस उद्देश्य से डीएमआरसी ने सहकार टैक्सी कोऑपरेटिव लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया हैं। यह सहकारी संस्था 'भारत टैक्सी' नामक मोबिलिटी प्लेटफॉर्म का संचालन करती है, जो सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की एक पहल है और पारदर्शी व किफायती परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने पर केंद्रित है। इस साझेदारी के तहत मेट्रो यात्रियों को बाइक टैक्सी, ऑटो रिक्शा और कैब सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। शुरुआती चरण में यह सेवा 10 चयनित मेट्रो स्टेशनों से शुरू की जाएगी। वहीं, पायलट प्रोजेक्ट के तहत मिलेनियम सिटी सेंटर और बोटैनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशनों पर 31 जनवरी 2026 तक विशेष रूप से बाइक टैक्सी सेवाएं शुरू की जाएंगी।

पायलट चरण के दौरान यात्रियों की प्रतिक्रिया और संचालन की व्यवहारिकता का आकलन किया जाएगा। इस योजना की खास बात डिजिटल एकीकरण है। 'भारत टैक्सी' मोबाइल ऐप को डीएमआरसी की 'सारथी' ऐप से जोड़ा जाएगा। इसके बाद यात्री एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मेट्रो यात्रा के साथ-साथ घर तक की लास्ट माइल सेवा की बुकिंग कर सकेंगे। ऐप के जरिए किराया अनुमान, वाहन की उपलब्धता और ट्रैकिंग जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। वहीं किराया दरें बाजार के अनुरूप और किफायती रखी जाएंगी। पीक आवर में किराया बढ़ने की स्थिति में भी उसकी एक सीमा तय होगी, ताकि यात्रियों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े। यात्रियों की जानकारी और सुविधा के लिए मेट्रो स्टेशनों पर विशेष साइन बोर्ड लगाए जाएंगे, जिन पर लास्ट माइल कनेक्टिविटी सेवाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध होगी।

डीएमआरसी का मानना है कि यह पहल निजी वाहनों पर निर्भरता कम करेगी, जिससे वायु प्रदूषण घटेगा और दिल्ली की हवा को साफ रखने में मदद मिलेगी। एकीकृत लास्ट माइल कनेक्टिविटी से सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा मिलेगा और मेट्रो आधारित यात्रा को और अधिक आकर्षक बनाया जा सकेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल झपटमारी गिरोह का सरगना गिरफ्तार, 21 चोरी के फोन बरामद

**नई दिल्ली।** मोबाइल फोन झपटमारी और चोरी में शामिल कुख्यात अपराधी को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 21 चोरी के मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। आरोपित की पहचान नबी करीम के जितेंद्र उर्फ पहाड़ी के रूप में हुई है, जो नबी करीब थाने का बीसी है और मोबाइल फोन झपटमारी और चोरी करने वाले गिरोह का सरगना था। इससे पहले चार दिसंबर को उसके साथी जय भगवान उर्फ काले को गिरफ्तार किया गया था, जिसके कब्जे से चोरी के 31 मोबाइल फोन बरामद हुए थे। उपायुक्त विक्रम सिंह के मुताबिक, आरोपित को पकड़ने के लिए एसीपी राजबीर मलिक की देखरेख में और इंस्पेक्टर सुनील कालखंडे के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम ने मुखबिरों से मिली गुप्त जानकारी के आधार पर आरोपित को दबोच लिया। आरोपित के कब्जे से 21 चोरी और झपटे हुए मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में पता चला कि आरोपित दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में मोबाइल फोन झपटमारी और चोरी करने में सक्रिय रूप से शामिल था। वह चोरी के मोबाइल फोन इकट्ठा करता था और उन्हें अवैध चैनलों के माध्यम से बेच देता था। पुलिस इससे पूछताछ कर गिरोह में शामिल अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है।

### संगठित बैंक धोखाधड़ी का भगोड़ा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने संगठित बैंक धोखाधड़ी और जालसाजी के मामलों में 18 वर्षों से फरार चल रहे एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। आरोपित लंबे समय से फर्जी पहचान के सहारे कानून से बचता फिर रहा था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपित की पहचान अमित निश्चल उर्फ सनी उर्फ सोनू चौहान (48) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है। आरोपित थाना डीबीजी रोड में दर्ज वर्ष 2001 के एक मामले में वांछित था। जिसमें चोरी, धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश की धाराएं लगी थीं। इस मामले की जांच पहले स्पेशल सेल द्वारा की गई थी।

# मंत्री सूद ने जनकपुरी में आरोग्य मंदिर का किया शुभारंभ

❖ जनभावना टाइम्स

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने बुधवार को जनकपुरी सी2 ब्लॉक में नए आरोग्य मंदिर का शुभारंभ किया। इस आरोग्य मंदिर में स्थानीय नागरिकों को प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि यह आरोग्य मंदिर दिल्ली की बदलती हुई सरकार और स्वास्थ्य के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

सूद ने बताया कि यह स्वास्थ्य केंद्र वर्ष 1996 से संचालित है। पूर्व में यहां मोबाइल टॉवर लगाए जाने को लेकर स्थानीय नागरिकों में चिंता थी, विशेषकर नवजात शिशुओं के उपचार को लेकर। जनता की भावनाओं का सम्मान करते हुए हमारी सरकार ने टॉवर हटवाया और अब इस केंद्र को और अधिक आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया। सूद ने बताया की इस आरोग्य मंदिर में अब शुगर, हीमोग्लोबिन सहित कुल 13 प्रकार की जांच निःशुल्क की जा रही हैं। इसके साथ ही 108 आवश्यक दवाइयां मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही हैं। पहले जहां टीकाकरण केवल बच्चों और गर्भवती महिलाओं तक सीमित था, अब हर नागरिक के लिए मुफ्त टीकाकरण सुविधा भी उपलब्ध होगी। यह प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिना लंच ब्रेक के खुला रहेगा ताकि लोगों को लगातार सेवाएं मिल सकें। सूद ने कहा कि "प्रिवेंशन इज बेटर दैन क्योर" की भावना के तहत अब छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए जनकपुरी के निवासियों को बड़े अस्पतालों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।



# केजरीवाल ने मकर संक्रांति, पोंगल, उत्तरायणी की बधाई दी

❖ जनभावना टाइम्स

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को देशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल, उत्तरायणी और माघ बिहू की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इन त्योहारों को एकता, समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक बताया। केजरीवाल ने एक्स पोस्ट में कहा कि मकर संक्रांति, पोंगल और उत्तरायणी के इस पावन अवसर पर सभी देशवासियों को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। ये त्योहार सभी के जीवन में सुख-समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आएं। केजरीवाल ने असम के लोगों को माघ बिहू की बधाई देते हुए कहा कि इस अवसर पर असम के अपने सभी भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। यह पवित्र त्योहार सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाए। उन्होंने गुजरातवासियों को उत्तरायण एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सूर्य के उत्तरायण की यह यात्रा सभी के लिए स्वास्थ्य और समृद्धि का उत्सव बने, यही उनकी हार्दिक कामना है। उल्लेखनीय है कि बिहू के दौरान लोग सुबह जल्दी स्नान करते हैं और पारंपरिक असमिया खेल खेलते हैं। इस अवसर पर लोग पारंपरिक असमिया भोजन और मिठाइयां खाते-खिलाते हैं। इस त्योहार को तमिलनाडु में पोंगल, पंजाब में लोहड़ी और भारत के उत्तरी भागों में मकर संक्रांति कहा जाता है।



# सर्किल रेट पर फैसला जनता की सहमति से हो, बिना सुविधाएं सुधारे बोझ न बढ़ाए सरकार : देवेंद्र यादव

❖ जनभावना टाइम्स

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि दिल्ली में संपत्ति मूल्यांकन की समीक्षा के लिए गठित की गई समिति को सर्किल रेट बढ़ाने या घटाने से पहले रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्लूए) संगठनों और आम जनता से व्यापक सुझाव लेने चाहिए, ताकि किसी भी निर्णय में जनता के हितों की पूरी तरह रक्षा हो सके। उन्होंने कहा कि बिना जनसहमति के सर्किल रेट में बदलाव करना दिल्लीवासियों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ डालने जैसा होगा।

देवेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि एक ओर दिल्लीवासी मूलभूत सुविधाओं की कमी से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भाजपा की रेखा गुप्ता सरकार सर्किल रेट में बदलाव कर आम लोगों पर अतिरिक्त बोझ डालने की तैयारी में है। उन्होंने कहा कि राजधानी के अनेक क्षेत्रों में गलियों और सड़कों की हालत खराब है, सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है और बारिश के समय जलभराव एक गंभीर समस्या बना रहता है, लेकिन सरकार इन मुद्दों के समाधान के बजाय संपत्ति दरों में बढ़ोतरी पर विचार कर रही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यदि सर्किल रेट बढ़ाया गया तो दिल्ली में संपत्ति खरीदना और अधिक महंगा हो जाएगा।

इससे न केवल खरीद मूल्य बढ़ेगा, बल्कि पंजीकरण शुल्क और करों का बोझ भी आम नागरिकों पर पड़ेगा। इसका सबसे अधिक असर गरीब और मध्यम वर्ग पर होगा, जो पहले ही महंगाई की मार झेल रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि वर्ष 2014 में राष्ट्रपति शासन के दौरान सर्किल रेट में 20 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की गई थी और अब भाजपा सरकार एक बार फिर 10 से 40 प्रतिशत तक वृद्धि पर विचार कर रही है। देवेंद्र यादव ने 2014 में लागू किए गए सर्किल रेट का हवाला देते हुए बताया कि ए श्रेणी में दर 7 लाख 74 हजार रुपये प्रति वर्ग मीटर, बी श्रेणी में 2 लाख 45 हजार 520 रुपये, सी श्रेणी में 1 लाख 59 हजार 840 रुपये, डी श्रेणी में 1 लाख 27 हजार 680 रुपये, ई श्रेणी में 70 हजार 80 रुपये, एफ श्रेणी में 56 हजार 640 रुपये, जी श्रेणी में 46 हजार 200 रुपये और एच श्रेणी में 23 हजार 280 रुपये प्रति वर्ग मीटर निर्धारित है। उन्होंने कहा कि इन दरों में और बढ़ोतरी आम लोगों की कमर तोड़ देगी।



# भागीरथी विहार में जरूरतमंद लोगों को वितरित किये कंबल



❖ जनभावना टाइम्स

**नई दिल्ली।** गोकुलपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत भागीरथी विहार में रश्मी धर्मशाला में जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम माता सावित्रीबाई फुले, स्वामी विवेकानंद और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गंगा राम प्रधान ने की, जबकि आयोजन शशी भारती के नेतृत्व में हुआ। इसमें विशेष अतिथि के रूप में विधानसभा प्रत्याशी एवं पूर्व चेयरमैन ईश्वर सिंह बागड़ी शामिल हुए। इस मौके पर ईश्वर सिंह बागड़ी ने कहा कि नर सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और पिछले 15 वर्षों से समाज हित में जरूरतमंदों को कंबल वितरण का सराहनीय कार्य कर रही है। शिवचरण सूर्यवंशी ने बताया कि इस कार्यक्रम में अनेक जरूरतमंद लोगों को कंबल देकर सम्मानित किया गया, जिसमें इंजीनियर रामबाबू सिंह, प्रेमपाल सिंह और रविपाल सिंह का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में रामचंद्र प्रधान, देवेंद्र कुमार, मौ. अकरम, रमेश कुमार चंद्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने समाज सेवा, अच्छे संस्कार और महापुरुषों के विचारों को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा और आपात स्थितियों में सहायता के लिए एक मजबूत सामाजिक कोष और संगठन का निर्माण समय की आवश्यकता है।

# गेल (इंडिया) लिमिटेड को आईजीएक्स ऊर्जा संवाद 2026 में सम्मानित किया गया

❖ जनभावना टाइम्स

**नई दिल्ली।** भारत की प्रमुख प्राकृतिक गैस कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड को इंडियन गैस एक्सचेंज (आईजीएक्स) द्वारा आयोजित वार्षिक कार्यक्रम ऊर्जा टॉक 2026 में 'प्रोप्राइटरी मेंबर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। गेल की ओर से यह पुरस्कार कंपनी के कार्यकारी निदेशक मार्केटिंग - गैस सुमित किशोर ने पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) के सदस्य ए.के. तिवारी से प्राप्त किया।यह पुरस्कार गेल के भारत में गैस व्यापार व्यवस्था को मजबूत करने, बाजार-आधारित गैस खरीद प्रक्रिया को बढ़ावा देने और पारदर्शी, कुशल तथा मजबूत गैस बाजार के विकास में दिए गए निरंतर योगदान के लिए प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में गेल की इस महत्वपूर्ण भूमिका की खुलकर सराहना की गई।ऊर्जा टॉक 2026 में सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी, नीति निर्माता, उद्योग विशेषज्ञ और हितधारक शामिल हुए। इस मंच पर भारत को वैश्विक स्तर पर एक प्रमुख गैस व्यापार केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए आवश्यक रणनीतियों, सुधारों और भविष्य की योजनाओं पर गहन विचार-विमर्श हुआ।बता दे कि गेल एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है, जो देश की अग्रणी प्राकृतिक गैस परिवहन, प्रसंस्करण एवं वितरण कंपनी है। कंपनी के पास विशाल गैस पाइपलाइन नेटवर्क, गैस प्रसंस्करण इकाइयां, पेट्रोकेमिकल संयंत्र हैं तथा अपस्ट्रीम तेल-गैस क्षेत्र और एलएनजी टर्मिनलों में भी महत्वपूर्ण भागीदारी है।




### दिल्ली दंगा साजिश मामले में अथर खान ने दायर की जमानत याचिका

**नई दिल्ली।** दिल्ली दंगा साजिश मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पांच आरोपियों को जमानत दिए जाने के बाद मामले में नया मोड़ आया है। इसी क्रम में आरोपी अथर खान ने भी कड़कड़डूमा कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। अथर खान ने सुप्रीम कोर्ट से जमानत पाने वाले आरोपियों के समान आरोपों का हवाला देते हुए समानता के आधार पर राहत की मांग की है। इस याचिका पर 19 जनवरी को सुनवाई होगी। पुलिस के अनुसार, अथर खान पूर्व कॉल सेंटर कर्मचारी है और उस पर उत्तर-पूर्वी दिल्ली के चांद बाग इलाके में विरोध प्रदर्शनों का मुख्य आयोजक होने का आरोप है। पुलिस का दावा है कि उसने भड़काऊ भाषण दिए और सीसीटीवी कैमरों को नुकसान पहुंचाने की साजिश में भी भूमिका निभाई। कोर्ट ने उसके खिलाफ आपराधिक साजिश समेत कई धाराओं में आरोप तय किए हैं। इसके अलावा अथर खान एक अन्य एफआईआर में भी आरोपी है, जिसमें हेड कांस्टेबल रतन लाल की हत्या और दंगों के दौरान एक शोरूम में लूट का मामला शामिल है। इस केस की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश समीर बाजपेयी करेंगे। उल्लेखनीय है कि 5 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर, शिफा उर रहमान, मोहम्मद सलीम खान और शाहदाब अहमद को जमानत दी थी, जबकि उमर खालिद और शरजील इमाम को यूएपीए के तहत प्रथम दृष्टया मामला बनता पाए जाने पर राहत नहीं दी गई थी।

नई दिल्ली ■ गुरुवार 15 जनवरी 2026 ■ मूल्य 5.00 ■ वर्ष 13 ■ अंक 288 ■ पृष्ठ 08

# जनभावना टाइम्स

www.thejbt.com

निष्पक्ष और निर्भीक खबर

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, गौतमबुद्ध नगर, देहरादून, लखनऊ, अलीगढ़, मथुरा, हिसार, कैथल एवं करनाल से प्रकाशित



02 शक्ति, रणनीति और शहादत का संगम है भारतीय सेना | 05 अंडर19 विश्व कप: शानदार शुरुआत करना चाहेगी भारत | सुजैन खान ने ऋतिक रोशन और सबा आजाद... 06

## वैश्विक पर्व बन गया है पोंगल

# पूरी दुनिया में तमिल समुदाय ने इसे संजोकर रखा : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि प्रकृति के साथ सौहार्दपूर्ण संतुलन का संदेश देने वाला पोंगल अब वैश्विक पर्व बन गया है और दुनियाभर में तमिल समुदाय के लोगों ने इसे संजोकर रखा है। प्रधानमंत्री ने यहां केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन के आवास पर आयोजित पोंगल उत्सव में भाग लिया।



मोदी ने कहा कि इस पर्व पर किसानों के परिश्रम का उत्सव मनाया जाता है और पृथ्वी तथा सूर्य के प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाती है। समारोह में कई केंद्रीय मंत्री, नौकरशाह और अन्य वर्गों के लोग शामिल हुए। प्रधानमंत्री ने कहा कि पोंगल का त्योहार हमें याद दिलाता है कि आभार शब्दों से आगे बढ़कर जताया जाना चाहिए और हमारी रोजमर्रा की जिंदगी का एक जरूरी हिस्सा बन जाना चाहिए। जब धरती हमें इतना कुछ देती है, तो यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम इसे संजोएं और इसकी रक्षा करें।

उन्होंने कहा कि दुनियाभर में तमिल समुदाय और तमिल संस्कृति को संजोने वाले लोग बड़े उत्साह से पोंगल मनाते हैं और उनके बीच आकर वह गौरव की अनुभूति कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि तमिल संस्कृति दुनिया की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और इसमें सदियों की बुद्धिमत्ता और परंपरा है जो इतिहास से सबक लेकर भविष्य का रास्ता दिखाती है। उन्होंने कहा कि इस विरासत से प्रेरणा लेते हुए आज का भारत आगे बढ़ने में इसकी सांस्कृतिक जड़ों से मजबूती लेता है।

पोंगल के इस शुभ अवसर पर हम महसूस कर रहे हैं कि भारत को आगे बढ़ाने वाली विश्वास और एकता की भावना इसकी संस्कृति से गहराई से जुड़ी है और इस धरा के लिए अपार सम्मान रखती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पोंगल का पर्व प्रकृति, परिवार और समाज के बीच सौहार्दपूर्ण संतुलन बनाकर रखने के महत्व पर जोर देता है। उन्होंने कहा कि मिट्टी की सेहत को बनाकर रखना, जल संरक्षित करना और भावी पीढ़ियों के लिए संसाधनों का विवेकपूर्ण इस्तेमाल आवश्यक हैं। मिशन 'लाइफ', 'एक पेड़ मां के नाम' और अमृत सरोवर जैसी पहल इसी भावना पर आधारित हैं और ये हमें इन मूल्यों को कायम रखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। मोदी ने कहा कि पोंगल लोगों को सिखाता है कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि दैनिक जीवन का हिस्सा भी होना चाहिए। उन्होंने कह कि आज पोंगल वैश्विक पर्व बन गया है।

## NCC गणतंत्र दिवस शिविर में बोले जनरल उपेंद्र द्विवेदी

# युवा 'नए भारत का चेहरा'



**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को दिल्ली कैंट में नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के गणतंत्र दिवस शिविर (आरडीसी) का दौरा किया।

सेना प्रमुख ने युवाओं को 'नए भारत का चेहरा' बताते हुए इस बात पर जोर दिया कि वे देश की सबसे शक्तिशाली आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो अनुशासन, उद्देश्य और संकल्प के माध्यम से राष्ट्रीय परिवर्तन लाने में सक्षम हैं। सेना प्रमुख ने एनसीसी कैडेट्स के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताते हुए ऑपरेशन सिंदूर का उदाहरण दिया, जो भारत की सशक्तता का सबूत है। उन्होंने कहा कि 75 हजार से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने पूरे देश में सिविल डिफेंस, हॉस्पिटल मैनेजमेंट, राहत सामग्री बांटने और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में स्वयंसेवक की भूमिका निभाई। आधुनिकीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि 35 हजार से भी अधिक कैडेट्स ने देशभर में सैन्य इकाइयों और सैनिक अस्पतालों के साथ प्रशिक्षण हासिल किया है।

उन्होंने पुनीत सागर अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत, एक पेड़ मां के नाम, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और स्वच्छ भारत अभियान जैसी राष्ट्रीय पहलों में 28 राज्यों के 315 जिलों में 94,400 कैडेट्स को प्रशिक्षण दिए जाने जैसे नये उपायों को सराहा। सेना प्रमुख ने अपने भाषण के अंत में कहा कि एनसीसी सशस्त्र बलों में शामिल होने का एक जरूरी रास्ता बना हुआ है।

उन्होंने कहा कि इस साल 150 से अधिक कैडेट्स ने सैन्य प्रशिक्षण अकादमियों में प्रवेश लिया है। उन्होंने कैडेट्स से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, अनुशासन के साथ मार्च करने और समर्पण के साथ सेवा करने का आग्रह करते हुए कहा कि मजबूत, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण देश के युवा ही करेंगे। जनरल उपेंद्र द्विवेदी और आर्मी वुमेंस वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष सुनीता द्विवेदी ने आर्मी हाउस में नेशनल कैडेट कॉर्प्स कैडेट्स का गर्मजोशी से स्वागत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### दिल्ली सरकार निजी विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक संघ की स्थापना सुनिश्चित करे : उच्च न्यायालय

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी) सरकार को निर्देश दिया कि वह निजी विद्यालयों में अभिभावक–शिक्षक संघों (पीटीए) का गठन सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करे। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तेजस करिया की पीठ ने गैर सरकारी संगठन 'जस्टिस फॉर ऑल' द्वारा दायर जनहित याचिका पर नोटिस जारी कर दिल्ली सरकार से जवाब तलब किया। पीठ ने दिल्ली सरकार से यह बताने को कहा कि उसने प्रत्येक स्कूल में उक्त संगठनात्मक ढांचा सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए हैं। याचिकाकर्ता ने दलील दी है कि दिल्ली में गैर–सहायता प्राप्त निजी विद्यालयों में दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम और संबंधित नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार पीटीए गठित करने में व्यापक विफलता हुई है। पीठ ने कहा कि नोटिस जारी करें। चार सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दाखिल किया जाए।

### लाइफ जैकेट नहीं पहनने से हुई जुबीन गर्ग की मौत: सिंगापुर की अदालत

**गुवाहाटी।** प्रसिद्ध गायक जुबीन गर्ग की मौत पानी में डूबने से हुई थी। यह जानकारी सिंगापुर की एक अदालत में चल रही सुनवाई के दौरान सामने आई, जहां इस मामले से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किए गए। सिंगापुर पुलिस की जांच टीम ने अदालत को बताया कि समुद्र में उतरने से पहले जुबीन गर्ग ने लाइफ जैकेट नहीं पहनी थी। सुरक्षा मानकों की अनदेखी को इस हादसे का एक बड़ा कारण माना जा रहा है। सुनवाई के दौरान यह भी सामने आया कि तैराकी से पहले यॉट पर शराब पार्टी हुई थी, जिससे हादसे की परिस्थितियों और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। मामला फिलहाल अदालत में विचाराधीन है और आगे की सुनवाई के दौरान साक्ष्यों एवं गवाहों की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में समुद्र में स्नान के दौरान जुबीन गर्ग की डूबने से मौत हो गई थी। इस मामले में असम पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि असम पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने गुवाहाटी की अदालत में 3500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की है। जुबीन गर्ग देश के सुप्रसिद्ध गायक थे।

## भारतीय तुरंत ईरान छोड़ दें, विदेश मंत्रालय ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने परामर्श जारी कर कहा है कि ईरान में चल रहे घटनाक्रम को देखते हुए भारतीय नागरिक अगली सूचना तक वहां की यात्रा से बचें। इससे पहले 5 जनवरी को भी विदेश मंत्रालय ने इस तरह का परामर्श जारी किया था। इसी बीच भारतीय दूतावास ने ईरान में रह रहे भारतीयों को जल्द से जल्द किसी भी माध्यम से देश से निकलने की सलाह दी है।



दूतावास ने कहा कि ईरान में बदलती स्थिति को देखते हुए जो भारतीय नागरिक अभी ईरान में हैं (छात्र, तीर्थयात्री, व्यापारी और पर्यटक) उन्हें वाणिज्यिक उड़ानों सहित उपलब्ध यातायात के साधनों से ईरान छोड़ने की सलाह दी जाती है। दूतावास ने सलाह देकर भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के नागरिकों से सावधानी बरतने और विरोध प्रदर्शन स्थलों से बचने को कहा है। इसके अलावा भारतीयों से अपने यात्रा डॉक्यूमेंट्स तैयार रखने और सहायता के लिए भारतीय दूतावास से संपर्क करने का अनुरोध किया गया है।

भारतीय दूतावास के इमरजेंसी संपर्क हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं- यह इस प्रकार है मोबाइल नंबर: +989128109115; +989128109109; +989128109102; +989932179359. ईमेल: cons.tehran @mea.gov.in। ईरान में रहने वाले सभी भारतीयों को दूतावास में रजिस्ट्रेशन कराने को कहा गया है। इस लिंक (https:// www.meaers.com/request/home) पर ऐसा करें।

## जयपुर–बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रक कार की टक्कर में छह महिलाओं की मौत

**सीकर।** जिले में बुधवार शाम सड़क हादसे में छह महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा जयपुर–बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग पर फतेहपुर के हरसवा गांव के पास शाम बाद हुआ।



पुलिस के अनुसार तेज रफ्तार ट्रक और अर्टिगा कार के बीच आमने–सामने की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्टिगा कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई और कार में सवार लोग उसमें बुरी तरह फंस गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल राहत कार्य शुरू करते हुए कार में फंसे शवों और घायलों को बाहर निकाला।

घायलों को फतेहपुर के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। थाना अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि अर्टिगा कार लक्ष्मणगढ़ (सीकर) से फतेहपुर की ओर आ रही थी, जबकि ट्रक सीकर की तरफ जा रहा था। कार में सवार सभी लोग लक्ष्मणगढ़ में आयोजित एक शोकसभा में शामिल होकर घर लौट रहे थे।

परिवार के सदस्य दो वाहनों में सफर कर रहे थे, जिनमें अर्टिगा कार आगे चल रही थी। हादसे में संतोष पत्नी सत्यनारायण, तुलसी देवी पत्नी ललित, मोहनी देवी पत्नी महेश कुमार, इंद्रा पुत्री महेश कुमार, आशा पत्नी मुरारी और चंदा पत्नी सुरेंद्र की मौत हो गई। वहीं, सोनू, वसीम और बरखा गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनका इलाज हायर सेंटर में जारी है।

## रेलवे ने माल परिवहन में बनाया नया रिकॉर्ड, एक दिन में 892 ट्रेनों का संचालन

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने माल परिवहन के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए परिचालन दक्षता का नया मानदंड तय किया है।




डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) नेटवर्क पर एक ही दिन में रिकॉर्ड 892 ट्रेनों का इंटरचेंज किया गया, जो अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (डीएफसीसीआईएल) के अनुसार रविवार, 5 जनवरी को डीएफसी नेटवर्क और भारतीय रेलवे के पांच जोनों के बीच कुल 892 इंटरचेंज ट्रेनों का संचालन किया गया। इससे पहले 4 जनवरी को 865 ट्रेनों का इंटरचेंज किया गया था, जो अब तक का रिकॉर्ड था। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक इस रिकॉर्ड मालवाहक इंटरचेंज से पारंपरिक रेल लाइनों पर दबाव कम हुआ है, जिससे यात्री ट्रेनों का संचालन अधिक समयबद्ध और सुविधाजनक बन सका है। साथ ही आवश्यक वस्तुओं की तेज डिलीवरी और लॉजिस्टिक्स लागत में कमी से अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। यह उपलब्धि डीएफसीसीआईएल की बढ़ती परिचालन क्षमता, सुदृढ़ योजना प्रणाली और मजबूत ट्रैफिक प्रबंधन को दर्शाती है। ट्रेन गति के प्रभावी नियमन, सुरक्षित हेडवे बनाए रखने और पड़ोसी स्टेशनों के बीच बेहतर समन्वय के जरिए भारी लोड वाले खंडों पर भी सुरक्षित, ईंधन–कुशल और निर्बाध संचालन सुनिश्चित किया गया।

## असम: ट्रेन हादसे में 7 हाथियों की मौत पर एनजीटी का CPCB सहित अन्य को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** एनजीटी ने पिछले साल दिसंबर में गुवाहाटी के पास राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आने से सात हाथियों की मौत के संबंध में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और अन्य प्रतिवादियों से जवाब मांगा है।

हरित अधिकरण इस मामले की सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने एक खबर का स्वतः संज्ञान लिया था। खबर के अनुसार, 20 दिसंबर, 2025 को हाथियों के एक झुंड से ट्रेन की टक्कर होने के बाद सात हाथियों की मौत हो गई थी। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के लुमडिंग डिवीजन के अंतर्गत जमुनामुख–कामपुर खंड पर हुई दुर्घटना के कारण सैरांग–नयी दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस का इंजन और पांच डिब्बे भी पटरी से उतर गए। अपने आदेश में अधिकरण ने कहा कि समाचार से सामने आए तथ्यों और परिस्थितियों से प्रथम दृष्टया पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण प्रश्न उठते हैं। इसमें सीपीसीबी, असम सरकार (पर्यावरण विभाग के विशेष मुख्य सचिव के माध्यम से), राज्य के प्रधान मुख्य वन संरक्षक और असम राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को पक्षकार या प्रतिवादी के रूप में शामिल किया गया।

## मकर संक्रांति पर्व पर हरिद्वार में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

# पांच लाख श्रद्धालुओं ने लगाई पुण्य की डुबकी

**हरिद्वार।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर बुधवार को देश के कई प्रांतों से आए पांच लाख श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया और मोक्ष की कामना की। घना कोहरा और कड़कड़ाती ठंड भी श्रद्धालुओं की आस्था को नहीं डिगा सकी। श्रद्धा के सामने ठंड बौनी नजर आई।



सुबह से आरम्भ हुआ स्नान का सिलसिला अनवरत शाम तक जारी रहा। इस दौरान प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधा के समुचित इंतजाम किए थे। आज मकर संक्रांति पर्व पर कड़कड़ाती ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं दिखी। स्नान के लिए श्रद्धालुओं का गंगा घाटों पर भोर सुबह से ही पहुंचना आरम्भ हो गया। घने कोहरे के बीच श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान और दान पुण्य कर पुण्य लाभ कमाया और सुख समृद्धि की कामना की। जिला प्रशासन और पुलिस ने स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। मेला क्षेत्र को 8 जोन और 22 सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई थी। सभी सेक्टर और जोनों में सेक्टर मजिस्ट्रेट और जोनल ऑफिसर की तैनाती की गई।

पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ ही पीएसी, डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ते की तैनाती भी की गई। सीसीटीवी के माध्यम से भी निगरानी की गयी। घाटों पर गोताखोरों और जल पुलिस की टीमें मुस्तैद रहीं, जबकि आपात स्थिति से निपटने के लिए चिकित्सा शिविर, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की व्यवस्था भी की गई। जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने शाम को बताया कि मकर संक्रांति स्नान पर्व पूरे धार्मिक वातावरण मेंसंपन्न हो गया। आज सायं आरती दर्शन तक 4 लाख 90 हजार श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी एवं अन्य विभिन्न घाटों पर स्नान किया। सनातन धर्म में मकर संक्रांति पर गंगा स्नान के बाद देव दर्शन और खिचड़ी, गुड़ से बनी मिठाई, तिल, गर्म वस्तुओं का दान करने का विशेष महत्व है। जिसका आज श्रद्धालु पूरी आस्था से पालन करते दिखे। सूर्य देव मकर संक्रांति पर धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करते हैं तथा दक्षिण से उत्तरायण होते हैं। इस कारण से मकर संक्रांति को उत्तरायणी पर्व भी कहा जाता है। इस दिन भगवान सूर्य देव की उपासना का विशेष महत्व है। गंगा स्नान और भगवान सूर्य को जल अर्पित करने से सभी मनोकामनाएं भी सिद्ध होती हैं।

## विश्व बैंक ने 2025-2026 के लिए भारत की GDP वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 7.2% किया

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने मजबूत घरेलू मांग और कर सुधारों के दम पर चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। यह उसके जून के अनुमान से 0.9 प्रतिशत अधिक है।




विश्व बैंक ने अपनी प्रमुख रिपोर्ट 'वैश्विक आर्थिक संभावनाएं' में यह भी कहा कि वर्ष 2026-27 में भारत की वृद्धि दर धीमी होकर 6.5 प्रतिशत रह सकती है। यह अनुमान इस धारणा पर आधारित है कि अमेरिका का 50 प्रतिशत आयात शुल्क इस दौरान लागू रहेगा। रिपोर्ट में कहा गया कि इसके बावजूद उम्मीद है कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेज वृद्धि दर बनाए रखेगा। विश्व बैंक ने कहा कि अमेरिका को होने वाले कुछ निर्यातों पर उच्च शुल्क के बावजूद वृद्धि के पूर्वानुमान में जून के अनुमानों के मुकाबले कोई बदलाव नहीं हुआ है। इसकी मुख्य वजह यह है कि उन शुल्कों के प्रतिकूल प्रभावों की भरपाई घरेलू मांग में मजबूत वृद्धि और अधिक निर्यात द्वारा की गई।

भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की हिस्सेदारी लगभग 12 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया, "वित्त वर्ष 2027-28 में वृद्धि दर बढ़कर 6.6 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जिसे मजबूत सेवा गतिविधियों के साथ ही निर्यात में सुधार और निवेश में तेजी से समर्थन मिलेगा।

चालू वर्ष की आर्थिक वृद्धि पर रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में वित्त वर्ष 2025-26 में वृद्धि दर बढ़कर 7.2 प्रतिशत होने का अनुमान है, क्योंकि घरेलू मांग मजबूत बनी हुई है। यह मजबूत निजी उपभोग को दर्शाता है, जिसे पिछले कर सुधारों और ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की वास्तविक आय में सुधार से समर्थन मिला है। इस बहुपक्षीय ऋण एजेंसी ने जून में भारत की वृद्धि दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था।

## संपादकीय

# ईरान के प्रतिरोध में ट्रम्प की दिलचस्पी

ईरान में दशकों से जारी कट्टरपंथी शासन के खिलाफ गाहे-बगाहे प्रतिरोध के स्वर उभरते रहे हैं। जिनका सख्ती से दमन भी किया जाता रहा है। लेकिन मौजूदा विरोध तीव्रता के साथ सिर उठा रहा है। प्रदर्शनकारियों को मृत्यु दंड देने की चेतावनी के बावजूद जन-अशांति कम नहीं हो रही है। ये प्रदर्शन राजधानी तेहरान से शुरू होकर पूरे देश में फैल गए हैं। प्रदर्शनकारियों को 'अल्लाह का शत्रु' बताने का सरकार का दाव भी कारगर होता नजर नहीं आ रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार प्रदर्शनों में अब तक 12 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। 10 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी सलाखों के पीछे डाले गए हैं। एक तरफ सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के ख़िलाफ़ सड़कों पर उबाल जारी है, तो वहीं प्रदर्शनकारियों को आतंकवादी करार देते हुए उन्हें कुचला जा रहा है। ईरान में आर्थिक संकट से खड़े हुए आंदोलन के बाद तख्तापलट का ख़तरा बढ़ गया है। पिछले साल 28 दिसंबर को शुरू हुआ जनआंदोलन 1979 में हुई इस्लामिक क्रांति के बाद 47 साल में ऐसा आंदोलन कभी नहीं देखा गया। हालांकि इस बीच महसा अमीनी की मौत के बाद महिला अधिकारों को लेकर 2022 में भी ईरान में जन आंदोलन हुआ था, लेकिन उसकी प्रकृति अलग थी। इतिहास गवाह है कि दमन से व्यापक असहमति को शायद ही कभी दबाया जा सका हो। लेकिन यह केवल आंतरिक हिंसा नहीं है, बाहर से अमेरिका इस आग में घी डालने का काम लगातार कर रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प भले खुद को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए सबसे योग्य मानें, असल में वे युद्ध अपराधों और मासूमों की जान लेने के दोषी ठहराए जाने चाहिये। वेनेजुएला पर अपना दावा ठोंकने के बाद ट्रम्प द्वारा जारी तस्वीर में वह खुद को वेनेजुएला का कार्यवाहक राष्ट्रपति दिखा रहे हैं। किसी देश की सम्प्रभुता और सम्मान के साथ ऐसा मज़ाक आधुनिक सभ्यता में नहीं किया जा सकता। लेकिन ट्रम्प सभ्यता, कूटनीति और नैतिकता के तकाजों को मानते कहां हैं। उन्हें केवल मुनाफे की परिभाषा समझ आती है। इस समय ईरान में तख्ता पलट का ख़तरा बढ़ गया है। ट्रम्प का यह कथन कि वे वहीं चोट देंगे, जहां सबसे ज्यादा दर्द होगा एक राष्ट्राध्यक्ष का कम एक सड़कछाप नेता का बयान अधिक प्रतीत होता है। उनका असल मकसद तेल हथियाना और ईरान के परमाणु कार्यक्रम बंद कराने के लिए है। इज़रायल के जरिए अमेरिका यह कोशिश पहले भी कर चुका है। इस बार अपने लाभ के लिए अमेरिका एक तरह से ईरान के लोगों की बलि ले रहा है।

# शक्ति, रणनीति और शहादत का संगम है भारतीय सेना

*भारतीय थल सेना का गठन ईस्ट इंडिया कम्पनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में कोलकाता में 1776 में हुआ था, जो बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और देश की आजादी के बाद इसे 'भारतीय थल सेना' नाम दिया गया। भारतीय सेना की 53 छावनियां और 9 आर्मी बेस हैं और चीन तथा अमेरिका के साथ भारतीय सेना दुनिया की तीन सबसे बड़ी सेनाओं में शामिल है। हमारी सेना संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ी योगदानकर्ताओं में से एक है। यह दुनिया की कुछेक ऐसी सेनाओं में से एक है, जिसने कभी भी अपनी ओर से युद्ध की शुरूआत नहीं की। भारतीय सेना के ध्वज का बैकग्राउंड लाल रंग का है, ऊपर बायीं ओर तिरंगा झंडा, दायीं ओर भारत का राष्ट्रीय चिह्न और तलवार हैं। सेना दिवस के अवसर पर सेना प्रमुख को सलामी दी जाती रही है लेकिन 2020 में पहली बार सेना प्रमुख के स्थान पर देश के प्रथम सीडीएस बने जनरल बिपिन रावत को सलामी दी गई थी। देश की आजादी के बाद भारतीय सेना पांच बड़े युद्ध लड़ चुकी है, जिनमें चार पाकिस्तान के खिलाफ और एक चीन के साथ लड़ा था।*

**-योगेश कुमार गोयल-**

## 78वें सेना दिवस पर विशेष



प्रतिवर्ष 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष हम 78वां सेना दिवस मना रहे हैं। सेना दिवस के अवसर पर पूरा देश थलसेना के अदम्य साहस, जांबाज सैनिकों की वीरता, शौर्य और उसकी शहादत को याद करता है। इस विशेष अवसर पर जवानों के दस्ते और अलग-अलग रेजीमेंट की परेड के अलावा झांकियां भी निकाली जाती हैं और उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी दी जाती है, जिन्होंने देश और लोगों की सलामती के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। 15 जनवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का विशेष कारण यही है कि 1899 में कर्नाटक के कुर्ग में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा आज ही के दिन वर्ष 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश जनरल फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी। जनरल फ्रांसिस बुचर भारत के आखिरी ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ थे। 1953 में वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए और 94 वर्ष की आयु में 1993 में उनका निधन हुआ। केएम करियप्पा दूसरे ऐसे सेना अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि दी गई थी।

भारतीय थल सेना का गठन ईस्ट इंडिया कम्पनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में कोलकाता में 1776 में हुआ था, जो बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और देश की आजादी के बाद इसे 'भारतीय थल सेना' नाम दिया गया। भारतीय सेना की 53 छावनियां और 9 आर्मी बेस हैं और चीन तथा अमेरिका के साथ भारतीय सेना दुनिया की तीन सबसे बड़ी सेनाओं में शामिल है। हमारी सेना संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ी योगदानकर्ताओं में से एक है। यह दुनिया की कुछेक ऐसी सेनाओं में से एक है, जिसने कभी भी अपनी ओर से युद्ध की शुरूआत नहीं की। भारतीय सेना के ध्वज का बैकग्राउंड लाल रंग का है, ऊपर बायीं ओर तिरंगा झंडा, दायीं ओर भारत का राष्ट्रीय चिह्न और तलवार हैं। सेना दिवस के अवसर पर सेना प्रमुख को सलामी दी जाती रही है लेकिन 2020 में पहली बार सेना प्रमुख के स्थान पर देश के प्रथम सीडीएस बने जनरल बिपिन रावत को सलामी दी गई थी।

देश की आजादी के बाद भारतीय सेना पांच बड़े युद्ध लड़ चुकी है, जिनमें चार पाकिस्तान के खिलाफ और एक चीन के साथ लड़ा था। देश की आजादी के बाद 1947-48 में हुए भारत-पाक युद्ध को 'कश्मीर युद्ध' नाम से भी जाना जाता है, जिसके बाद कश्मीर का भारत में विलय हुआ था। 1962 में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा धोखे से थाग-ला-रिज पर भारतीय सेना पर हमला बोल दिया गया था। उस जमाने में भातीय सेना के पास स्वचालित और आधुनिक हथियार नहीं होते थे, इसलिए चीन को रणनीतिक बढ़त मिली थी। 1965 के भारत-पाक युद्ध के बाद 1971 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। 13 दिनों तक चले उस युद्ध के बाद ही पाकिस्तान के टुकड़े कर बांग्लादेश का जन्म हुआ और पाकिस्तानी जनरल नियाजी के साथ 90 हजार पाक सैनिकों ने जांबाज भारतीय सेना के समक्ष हथियार डाल दिए थे। मई से जुलाई 1999 तक चले कारगिल युद्ध में तो भारतीय सेना ने पाकिस्तान को छठी का दूध याद दिला दिया था।

आज पूरी दुनिया भारतीय सेना का लोहा मानती है। आधुनिक हथियारों और प्रौद्योगिकी के साथ भारतीय सेना एक विश्वस्तरीय सेना है। सेना दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर चीन द्वारा वर्तमान में लगातार पेश की जा रही चुनौतियों के दौर में भारतीय सेना की निरन्तर बढ़ती ताकत का उल्लेख करना बेहद जरूरी है। 2025 की 'ग्लोबल फायरपावर रिपोर्ट' के अनुसार भारतीय सेना की गिनती दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेनाओं में की जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय थल सेना के जखीरे में कई तरह के आधुनिक हथियार शामिल हैं, जिनमें आधुनिक टैंकों के साथ बैलिस्टिक मिसाइलें भी हैं। भारत की थल सेना के पास चार हजार से अधिक टैंक हैं। इसके अलावा भारतीय सेना के जखीरे में एक लाख से अधिक आर्म्ड व्हीकल भी शामिल हैं। थल सेना के पास 100 सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलिरी, 3300 हल्की आर्टिलिरी भी हैं तथा थल सेना के बेड़े में करीब 1500 रॉकेट आर्टिलरी भी शामिल हैं।

भारतीय सैन्यबल में 14.45 लाख सक्रिय सैन्यकर्मी हैं, जो दुनिया में दूसरे नंबर पर है। सेना में 12 लाख से ज्यादा आरक्षित बल तथा बीस लाख अर्धसैनिक बल हैं। भारतीय थलसेना में 4600 से ज्यादा टैंक टी-72, टी-90, अर्जुन एमके-1, अर्जुन एमके-2 इत्यादि टैंक, 5 हजार से ज्यादा तोपें, 290 स्वचालित तोपें, 290 से ज्यादा रॉकेट तोपें तथा 8600 बख्तरबंद वाहन शमिल हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय थलसेना हर परिस्थिति में चीनी सेना से बेहतर और अनुभवी है, जिसके पास युद्ध का बड़ा अनुभव है, जो कि विश्व में शायद ही किसी अन्य देश के पास हो। भले ही चीन के पास भारत से ज्यादा बड़ी सेना और सैन्य साजो-सामान है लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में दुनिया में किसी के लिए भी इस तथ्य को नजरअंदाज करना संभव नहीं हो सकता कि भारत की सेना को अब धरती पर दुनिया की सबसे खतरनाक सेना माना जाता है और सेना के विभिन्न अंगों के पास ऐसे-ऐसे खतरनाक हथियार हैं, जो चीनी सेना के पास भी नहीं हैं। धरती पर लड़ी जाने वाली लड़ाईयों के लिए भारतीय सेना की गिनती दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में होती है और कहा जाता है कि अगर किसी सेना में अंग्रेज अधिकारी, अमेरिकी हथियार और भारतीय सैनिक हों तो उस सेना को युद्ध के मैदान में हराना असंभव होगा। जापान के एक आकलन के मुताबिक भारतीय थलसेना चीन के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिन्द महासागर के मध्य में होने के कारण भारत की रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है और दक्षिण एशिया में अब भारत का काफी प्रभाव है। अमेरिकी न्यूज वेबसाइट सीएनएन की एक रिपोर्ट में भी दावा किया जा चुका है कि भारत की ताकत पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ गई है और युद्ध की स्थिति में भारत का पलड़ा भारी रह सकता है।

# डिजिटल दौर में शब्द-साधना: किताबों की ओर लौटता युवा मन

**-दिलीप कुमार पाठक-**



दिल्ली की ठिठुरती हुई जनवरी की सुबह और भारत मण्डपम की भव्यता के बीच एक अलग ही संसार बसा हुआ है। यहाँ की फिजाओं में केवल कागज और ताजी स्याही की खुशबू नहीं है, बल्कि यह उन उम्मीदों की महक है जो बताती हैं कि तकनीक के शोर के बीच भी इंसान का अपनी जड़ों से जुड़ाव बना हुआ है। विश्व पुस्तक मेला 2026 केवल एक बाजार नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक महाकुंभ बन गया है। सबसे सुखद दृश्य यह है कि इस मेले की असली रौनक आज का युवा और छोटे बच्चे हैं। अक्सर यह चिंता जताई जाती है कि रील और शॉर्ट वीडियो के इस दौर में एकाग्रता खत्म हो रही है, लेकिन यहाँ उमड़ी यह भीड़ गवाही दे रही है कि दुनिया अभी बची रहेगी, क्योंकि यहाँ का युवा पन्नों के सन्नाटे को मोबाइल के शोर पर तरजीह दे रहा है।

यह देखना दिल को सुकून देता है कि आज की पीढ़ी केवल समकालीन लेखकों तक सीमित नहीं है। स्टालों पर घूमते हुए जब आप देखते हैं कि युवा मुंशी प्रेमचंद के गोदान के पात्रों की बात कर रहे हैं या हरिवंश राय बच्चन की मधुशाला के दर्शन को अपने जीवन से जोड़ रहे हैं, तो लगता है कि साहित्य की मशाल सही हाथों में है। रामधारी सिंह दिनकर की ओजस्वी रश्मिरथी की पंक्तियाँ आज भी युवाओं की रगों में वही जोश भर रही हैं, और सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का विद्रोही स्वर आज के दौर के प्रतिवाद की भाषा बन रहा है। उर्दू अदब का जादू भी सिर चढ़कर बोल रहा है; फैज़ अहमद फैज़ की नज़्में और साहिर लुधियानवी की बेबाक कलम आज के युवाओं के लिए प्रेम और क्रांति का नया व्याकरण लिख रही हैं। अंग्रेजी साहित्य में विलियम शेक्सपियर, चार्ल्स डिकेंस और मार्क ट्वेन जैसे दिग्गज आज भी अपनी कहानियों से युवाओं को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं।

महिला लेखिकाओं के प्रति बढ़ता रुझान एक प्रगतिशील समाज की ओर इशारा करता है। महादेवी वर्मा की असीम संवेदनशीलता, कृष्णा सोबती की मितरो मरजानी वाली बेबाकी और अमृता प्रीतम की रसीदी टिकट को ढूँढते युवाओं की आँखें साहित्य की गहराई की तलाश में हैं। विदेशी लेखिकाओं में वर्जीनिया वुल्फ, जेन ऑस्टेन, टोनी मॉरिसन और सिल्विया प्लाथ की कृतियों को लेकर युवतियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। भारत मण्डपम के इन आधुनिक गलियारों में जब बुजुर्ग और युवा मिलकर सुभद्रा कुमारी चौहान की कविताओं का जिक्र करते हैं तो पीढ़ियों का फासला सिमट जाता है। यह दृश्य किसी उत्सव से कम नहीं कि जहाँ लोग सेल्फी लेने के लिए नहीं, बल्कि दुर्लभ अनुवादों और पुराने संस्करणों को पाने के लिए धक्का-मुक्की कर रहे हैं।

यहाँ का हर कोना एक नई कहानी कहता है; कहीं कोई युवा चेखव की कहानियों पर बहस कर रहा है, तो कहीं कोई युवती इस्मत चुगताई के अफसानों में अपना अक्स तलाश रही है। चुगताई की बेबाकी के साथ जौन एलिया की दीवानगी और सआदत हसन मंटो का कड़वा सच आज के युवाओं की नई जुबां बन गया है। ग़ालिब की सादगी और मीर की दार्शनिकता को अपने भीतर उतारती यह पीढ़ी बताती है कि रील के शोर में भी रूहानी सुकून की तलाश जारी है। सिनेमाई दिग्गजों की विरासत भी यहाँ कम नहीं, जहाँ देवानंद का ज़िंदादिली भरा अंदाज़ और गुरुदत्त की संजीदगी युवाओं को जीवन के गहरे फलसफे समझा रही है। मीना कुमारी के दर्द को महसूस करते इन चेहरों को देखकर लगता है कि संवेदनाओं का यह पुल आज भी मजबूती से खड़ा है।

साहित्य की यह सरिता केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि एक वैचारिक क्रांति है जो हमारे समाज को नया आकार दे रही है। यह सच है कि अंग्रेजी के चमकते कवर वाले स्टालों पर भीड़ अधिक है, लेकिन हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के स्टालों पर पाठकों की वह खामोश गहराई है जो लंबे समय तक टिकने वाली है। रील की दुनिया भले ही कुछ क्षणों के लिए हमें लुभा ले, लेकिन ये किताबें ही हैं जो हमें अंधेरों में रास्ता दिखाती हैं। जब हम इन युवाओं को भारी-भरकम किताबों के थैलों के साथ मुस्कुराते हुए देखते हैं, तो यकीन हो जाता है कि इंसानियत की विरासत अभी सुरक्षित है। भारत मण्डपम की यह रौनक आने वाले कई सालों तक हमारे दिलों में साहित्य की अलख जगाती रहेगी और एक बेहतर समाज को गढ़ती रहेगी।

# ईश्वर की स्तुति-प्रार्थना-उपासना का आधार

ईश्वर व जीवात्मा दोनों चेतन तत्व है। ईश्वर के पास आनन्द है। वह सदैव आनन्द से परिपूर्ण रहता है। उसमें कभी आनन्द की कमी नहीं आती। दुःखी होने व दुःख आने की तो कोई बात ही नहीं है। जीवात्मा चेतन तत्व होकर भी आनन्द से रहित है। आनन्द व सुख यह शब्द कुछ-कुछ मिलते जुलते हैं परन्तु आनन्द का भौतिक सुख से कोई लेना-देना नहीं है। हम समझते हैं कि जब जीवात्मा ईष्वरोपासना में तल्लीन होता है तब उसे कुछ आनन्द की अनुभूति होती है। सुषुप्ति की अवस्था में भी सुख की उपलब्धि होती है जिसे सुख व आनन्द का मिश्रण कह सकते हैं। जीवात्मा का शरीर से युक्त होकर जन्म ही इसलिए होता है कि वह अपने दुःखों की निवृति कर सुख व आनन्द की प्राप्ति करे। कहा गया है कि दुःख का कारण बन्धन होता है जो हमारे अच्छे व बुरे कर्मो के कारण से होता है। आसक्ति रहित पुण्य कर्मों का परिणाम को बन्धनों का क्षय कह सकते हैं। परन्तु यदि हमारे कर्मो में आसक्ति अथवा फल की इच्छा बनी हुई है तो वह कर्म बन्धन में डालने वाला होता है जिसका परिणाम दुःख व सुख की प्राप्ति है। जीवात्मा विचार करता है, उसे सुख अच्छा लगता है और दुःखों से उसे द्वेष है। अब सुखों के लिए उसे ऐसे कर्मों का चुनाव करना है जिससे उसे इच्छित सुख-सुविधा की वस्तुएं प्राप्त हो सकें। वह देखता है कि धन से संसार के प्रायः सभी सुख प्राप्त किए जा सकते हैं। हमने अपने एक आर्य विद्वान मित्र स्व. प्रा. अनूप सिंह का जनवरी, 1995 में आर्य समाज मन्दिर, धामावाला, देहरादून में प्रवचन कराया था। हमने उन्हें कहा कि आधुनिक परिप्रेक्ष्य में वह वैदिक विचाराधारा को प्रस्तुत करें। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा था कि 'पैसा खुदा तो नहीं पर खुदा की कसम खुदा से कुछ कम भी नहीं।' इससे कुछ-कुछ अनुमान होता है कि धन से सुख-सुविधायें प्राप्त की जा सकती हैं। आज हम देश व विदेश में बड़े-बड़े धनाड्य लोगों को देख रहे हैं। उनके पास इतना धन है कि उनकी कई पीढ़ियां आसानी से खा-पी सकती हैं, जीवन निर्वाह कर सकती है और शायद तब भी वह धन समाप्त नही होगा। यह तो एक नम्बर के धन की बात हो रही है। फिर भी वह और धन कमाने मे लगें हैं। हमने देश के बड़े बड़े पूंजी-पतियों को भी देखा है जो मृत्यु के अन्तिम दिनों तक धनोपार्जन के कार्यों में संलग्न रहे। उनके अगले जन्म का क्या हुआ, क्या वह मनुष्य बने भी नहीं, यह तो परमात्मा ही जानता है।

धर्म कर्म

## आज का इतिहास

1759 - लंदन स्थित मोंटेगुवे हाउस में ब्रिटिश संग्रहालय की स्थापना हुई।
1784 - एशियेटिक सोसायटी ऑफ बंगाल की स्थापना।
1934 - बिहार में जबरदस्त भूकंप से करीब 20 हजार लोगों की मौत।
1949 - के. एम. करियप्पा भारतीय थल सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने। तब से 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है।
1965 - भारतीय खाद्य निगम की स्थापना।
1975 - पुर्तगाल ने अंगोला की आजादी के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1986 - थल सेना के प्रथम कमांडर इन चीफ के एम करियप्पा (सेवानिवृत्त) को फील्ड मार्शल की पदवी दी गई।
1986- इंडियन एयरलाइंस की एक वाणिज्यिक यात्री उड़ान को पहली बार केवल महिला चालक दल ने संचालित किया।
1988 - भारत के पूर्व गेंदबाज नरेंद्र हिरवानी ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने पहले टेस्ट मैच में ही 16 विकेट लिए।
1992 - बुल्गारिया ने बाल्कन के देश मैसिडोनिया को मान्यता दी।
1998 - ढाका में त्रिदेशीय भारत, बांग्लादेश तथा पाकिस्तान का शिखर सम्मेलन प्रारम्भ।
1999 - 'एनी फ्रैंक घोषणा पत्र' पर हस्ताक्षर करने वाले प्रथम विश्व नेता संयुक्त राष्ट्रसंघ के महासचिव कोफी अन्नान बने, पाकिस्तान में सभी नागरिक प्रशासनिक कार्य सेना को हस्तांतरित।
2001- विकिपीडिया लॉन्च किया गया।
2006 - ब्रिटिश हाईकोर्ट ने क्वात्रोच्चि के दो बैंक खातों पर से प्रतिबंध हटाने का आदेश दिया।
2007 - सद्दाम के सौतेले भाई एवं इराकी अदालत के पूर्व प्रमुख फांसी पर चढ़ाये गये।
2008 - सरकारी क्षेत्र की कंपनी गैस अथोरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड (गेल) के बोर्ड ने महाराष्ट्र के दाभोल से बंगलुरु तक गैस पाइप लाइन बिछाने के प्रोजेक्ट को मंजूरी दी।
2008 - उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती ने 'गंगा एक्सप्रेस वे परियोजना' का शिलान्यास किया।

# मकर संक्रांति: सृष्टि में ऊर्जा का नवसंचार करने वाला पर्व

**मृत्युंजय दीक्षित**



शीत ऋतु के मध्य जब सूर्यदेव धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उनकी उत्तरायण गति प्रारम्भ होती है, तब मकर संक्रांति होती है। यह पर्व सृष्टि में उर्जा का नवसंचार करने वाला पर्व है। मकर संक्रांति के दिन जप, तप, दान, स्नान, श्रद्धा, तर्पण आदि धार्मिक विधि विधान व कर्मों का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन दिया गया दान सौ गुना बढ़कर प्राप्त होता है। इस दिन उड़द, चावल, तिल, गौ, स्वर्ण, ऊनी, वस्त्र, कम्बल आदि दान के साथ गंगा स्नान एवं गंगातट पर दान का विशेष महत्व है। इस पर्व पर तीर्थराज प्रयाग एवं गंगा सागर में स्नान को महास्नान की संज्ञा दी गयी है। संक्रांति से सूर्य सभी राशियों को प्रभावित करते हैं।

इस पर्व का का सम्बन्ध हमारे पौराणिक इतिहास से भी है। इस दिन भगवान भास्कर अपने पुत्र शनि से मिलने स्वयं उसके घर जाते हैं। महाभारत काल में इसी दिन भीष्म पितामह ने अपनी देह का त्याग किया था। आज ही के दिन गंगाजी भगीरथ के पीछे-पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जाकर मिली थीं। इसी दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत कर युद्ध समाप्ति की घोषणा की थी और यही कारण है कि इस पर्व को बुराइयों और नकारात्मकता समाप्त करने का पर्व कहा जाता है। वैज्ञानिक मान्यता है कि इस दिन से रातें छोटी एवं दिन बड़े होने लगते हैं तथा सूर्य का ताप बढ़ने लगता है। दिन बड़ा होने से प्रकाश का वातावरण अधिक होता है अतः सूर्य की राशि में हुए परिवर्तन को अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होना माना गया है। प्रकाश अधिक होने से प्राणियों की चैतन्यता एवं कार्यशक्ति में वृद्धि होती हैं। इस अवसर पर सम्पूर्ण भारत में सूर्य देव की उपासना, आराधना एवं पूजन करने का विधि-विधान है। हरियाणा और पंजाब में यह पर्व लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है। इस दिन अंधेरा होते ही आग जलाकर अग्निदेव की पूजा करते हुए तिल गुड़ चावल और भुने हुए मुक्के की आहुति दी जाती है। इस सामग्री को तिल चौली कहा जाता है। इस दिन पारम्परिक मक्के की रोटी व सरसों के साग का आनंद भी उठाया जाता है।

उत्तर प्रदेश में यह पर्व दान का पर्व है। तीर्थराज प्रयाग में गंगा, यमुना व सरस्वती के संगम पर विशाल मेला लगता है, जिसे माघ मेले के नाम से जाना जाता है।उसी दिन से मांगलिक कार्यों भी आरम्भ हो जाते है। माघ मेला स्नान पौष पूर्णिमा से शिवरात्रि तक चलता है। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में गोरखनाथ मंदिर में विशाल मेला लगता है जो खिचड़ी मेले के नाम से प्रसिद्ध है। इस अवसर पर नेपाल के राज परिवार की ओर से गोरक्षनाथ को प्रथम खिचड़ी अर्पित होती है। राज्य की सभी नदियों के तट पर स्नान तथा व दान पर्व होता है। इस दिन दान के उपरांत खिचड़ी खाने एवं खिलाने का बड़ा महत्व है। तमिलनाडु में इस पर्व को पोंगल के रूप में चार दिन तक मनाया जाता है। पोंगल मनाने के लिये स्नान करके खुले आंगन में मिट्टी के बर्तन में खीर बनायी जाती है। जिसे पोंगल कहते हैं। इसके बाद सूर्यदेव को भोग लगाया जाता है। कर्नाटक, केरल व आंध्रप्रदेश में इसे संक्रांति ही कहते हैं। बिहार में भी इस पर्व को खिचड़ी नाम से ही जाना जाता हैं। महाराष्ट्र में भी यह पर्व बड़े धूमधाम व उमंग के साथ मनाया जाता है यहाँ इस दिन महिलाएं आपस में तिल, गुड़ एवं रोली और हल्दी बांटती है। वहीं, बगाल में इस पर्व पर तिल दान करने की प्रथा है। यहां गंगासागर में प्रतिवर्ष विशाल मेला लगता है। असम में मकर संक्रांति को माघ बिहु अथवा भोगाली बिहू के नाम से मनाया जाता हैं। गुजरात में मकरसंक्रांति पर दान स्नान के साथ साथ पतंग उड़ाने का भी प्रचलन है जिसमें भारी संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक तथा बड़ी-बड़ी हस्तियां हिस्सा लेती हैं। मकर सक्रांति का पर्व पूरे भारत को एक सूत्र में जोड़ने वाला उत्साह, उमंग और उल्लास का पर्व है। यह समाज को सकारात्मक विचार प्रदान करने वाला पर्व है। सामाजिक एकीकरण का पर्व है। हिन्दुओं की साझी परंपरा का पर्व है। हमें इस आध्यात्मिक ऊर्जा से भरे पर्व की राष्ट्रीय सार्थकता को समझते हुए इसके मूल स्वरूप को बचाए रखने का प्रण लेकर इसे उपभोक्तावाद से संरक्षित करना होगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आदित्य वशिष्ठ द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस, बी-42 सेक्टर -7 नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) उत्तर प्रदेश-201301 से मुद्रित व बी-142/2, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065 से प्रकाशित।
संपादकीय एवं संपर्क कार्यालय ए-152 सेक्टर-63, नोएडा-201301 **संपादक - आदित्य वशिष्ठ** कानूनी सलाहकार-पवित्र मोहन शर्मा आर.एन.आई. DELHIN/2012/42452
इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी होंगे। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन होंगे। e-mail: Jbttimes2021@ gmail. Com

# नए हाथरस का मास्टर प्लान नौ महीने में होगा तैयार

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे के पास करीब 4000 हेक्टेयर भूमि में हाथरस अर्बन सेंटर या नया हाथरस विकसित करने के लिए मास्टर प्लान-2041 तैयार होगा। इसके लिए कंपनी का चयन कर लिया गया है। कंपनी नौ महीने में मास्टर प्लान तैयार करेगी।

यमुना प्राधिकरण के अधिकारी ने बताया कि हाथरस अर्बन सेंटर के लिए जारी आरएफपी के अनुसार तकनीकी बिड में तीन कंपनियों ने क्वालिफाई किया था। इनमें तेलंगाना की कंपनी आरवी इंजीनियरिंग कंसल्टेंट लिमिटेड, गुरुड़ा यूएवी सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड और एलईए एसोसिएट्स साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल थी। बीते दिनों वित्तीय बिड खोली गई थी, जिसमें प्राधिकरण ने मास्टर प्लान के लिए सबसे कम 1.24 करोड़ की बोली लगाने वाली आरवी इंजीनियरिंग कंपनी का चयन किया। यह कंपनी नौ माह में मास्टर प्लान 2041 के तहत हाथरस के विकास को ध्यान में रखकर 20 वर्ष की योजना तैयार करेगी। मास्टर प्लान यूआरडीपीएफआई गाइडलाइंस 2014, उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम 1976 और राज्य और केंद्र सरकार के नियमों के अनुसार बनाया जाएगा। यह योजना जीआईएस तकनीक पर आधारित होगी और इसमें औद्योगिक विकास, जनसंख्या अनुमान, बुनियादी ढांचा, प्राकृतिक संसाधन और पर्यावरण संतुलन को ध्यान में रखा जाएगा।




## हाथरस जिले में मौजूद उद्योग क्लस्टर उद्योग

- इकाइयां कांच की चूडियां निर्माण
- 3300 घुंघरू निर्माण
- 3124 होजरी एवं कपड़ा
- 1600 हस्तशिल्प
- 850 कोल्ड स्टोरेज
- 140 धातु शिल्प- 85 रंग और डाई
- 40 दाल मिल- 35 हींग निर्माण
- 32 आयुर्वेदिक दवा- 30 अचार
- 16 बोटलिंग प्लांट और डेयरी

ब्रिटिश काल में औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र रहा ऐतिहासिक रूप से हाथरस ब्रिटिश काल में एक बड़ा औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र रहा था। हालांकि, समय बीतने के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सुविधाओं के अभाव में इसका महत्व घट गया। एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में हाथरस जिले में एमएसएमई (लघु, सूक्ष्म एवं मध्यम उद्योग) और कुटीर उद्योग हैं। जिले में लगभग 10,293 उद्योग पंजीकृत हैं। उद्योगों का अधिकतर हिस्सा क्लस्टर (समूह) के रूप में विकसित है और उद्योग कम निवेश में ज्यादा रोजगार देने वाले हैं। जिले में सड़क संपर्क मार्ग बेहतर प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में हाथरस के 358 गांव शामिल हैं। हाथरस में अलीगढ़ और आगरा के मुकाबले बेहतर सड़क संपर्क है। नए शहर का एनएच-93 और यमुना एक्सप्रेसवे के जरिए एसएच-33 से जुड़ाव है। साथ ही, हाथरस (जंक्शन) पर दो रेल लाइनें मिलती है। हालांकि, कुछ कमजोरियां भी हैं। यहां पर आंतरिक सड़कों का अभाव है। पर्याप्त बिजली, जल आपूर्ति, सीवरेज की कमी है। इसके अलावा स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं और मनोरंजन की सुविधाओं का भी बड़ा अभाव है।

> हाथरस के मास्टर प्लान के लिए आरवी इंजीनियरिंग कंपनी का चयन कर लिया गया है। कंपनी नौ माह में मास्टर प्लान तैयार करेगी। शुरुआत में यमुना एक्सप्रेसवे के नजदीक 4000 हेक्टेयर में शहर विकसित होगा।
>
> *-शैलेंद्र भाटिया, एसीईओ, यमुना विकास प्राधिकरण*

## छात्र के कमरे से नगदी और लैपटॉप चुराया



**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर अल्फा-1 में छात्र के कमरे से नगदी, लैपटॉप समेत अन्य सामान चोरी हो गया। पीड़ति छात्र ने घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रायबरेली का रहने वाला प्रखर यादव नॉलेज पार्क स्थित एक कॉलेज से इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। प्रखर ने बताया कि वह सेक्टर अल्फा वन स्थित एक पीजी में रहता है। पीड़ति ने बताया कि रविवार को वह कमरे के बाहर दुकान पर सामान लेने गया था। इसी बीच कमरे से 63 हजार रुपये, एक लैपटॉप, एक बैग, दस्तावेज समेत अन्य सामान चोरी हो गया। छात्र कमरे पर पहुंचा तो चोरी की घटना के बारे में पता चला। इसकी शिकायत पुलिस से की गई। बीटा दो कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत



**नोएडा।** सेक्टर-129 के पास नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर ट्रक चालक ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान दो युवकों की मौत हो गई। एक अन्य का उपचार चल रहा है।

हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। संत कबीर नगर के खलीलाबाद निवासी अमित चौधरी ने थाने में शिकायत दी कि उनके चाचा पंकज कुमार नौ जनवरी को सहकर्मी विवेक कुमार और गुलशेर अली को बाइक पर लेकर परी चौक से होते हुए नोएडा आ रहे थे। रात करीब 11 बजे एक्सप्रेसवे थाना क्षेत्र में ट्रक चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। बाइक सवार तीनों युवक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर और सीने में चोटें आईं। बाइक भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। राहगीरों की मदद से घायलों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने के चलते उपचार के दौरान विवेक और पंकज की मौत हो गई। गुलशेर अली ही हालत गंभीर है और उसका उपचार चल रहा है। हादसे के बाद घटना की जानकारी घायलों के परिजनों को दी गई थी। मृतकों का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। विवेक और पंकज के घर में मातम पसरा हुआ है।

अमित चौधरी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश की जा रही है। घटनास्थल के पास पुलिस को हेलमेट नहीं मिले। जांच की जा रही है कि बाइक सवार युवकों ने हेलमेट लगाया था या नहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस समय हादसा हुआ, ट्रक सड़क पर ही खड़ा था। पुलिस पूरे घटनाक्रम को जानने के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

## डिप्टी रजिस्ट्रार ने जेबीएम को बताया अनुचित

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पंचशील हाईनिश सोसाइटी में अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन की आम सभा (जीबीएम) को डिप्टी रजिस्ट्रार ने अनुचित बताया है। इसे लेकर आदेश भी जारी किए गए हैं।

सोसाइटी में रहने वाले अनुज चौधरी ने बताया कि हाल में कुछ लोगों ने बैठक बुलाकर निर्विरोध एओए चुनाव कराया। इसका सभी लोगों ने विरोध जताया। डिप्टी रजिस्ट्रार से शिकायत भी की गई। उन्होंने बताया कि एओए के गठन का मामला दादरी एसडीएम के कोर्ट में चल रहा है। ऐसे में एओए के सदस्य केवल सोसाइटी के रखरखाव और साफ सफाई सहित अन्य कार्य करा सकते हैं। जीबीएम का आयोजन कर प्रस्ताव पास नहीं किया जा सकता।

यह कोर्ट के आदेश में लिखा है। इसके बाद सोसाइटी में जीबीएम का आयोजन कर निर्णय लिए जा रहे। इसकी शिकायत करने पर डिप्टी रजिस्ट्रार ने आदेश जारी कर सभी आम सभा की बैठक को अनुचित बताया है। वही, एओए से इस मामले को लेकर संपर्क किया जा रहा है।

## पासपोर्ट के लिए 57 छात्रों ने पंजीकरण कराया

**नोएडा।** सेक्टर-125 स्थित एमिटी विश्वविद्यालय में बुधवार को विदेश मंत्रालय की पहल के तहत पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन तैनात की गई। इससे छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को पासपोर्ट बनवाने में सुविधा मिली। इस दौरान 57 छात्रों ने पंजीकरण कराया और जानकारी प्राप्त की। बायोमेट्रिक्स, फोटो और दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय के सहयोग से यह सेवा 13 जनवरी से शुरू होकर 15 जनवरी तक उपलब्ध कराई जाएगी।

## दिल्ली छोड़ नोएडा रहने लगा युवक, जान का खतरा बरकरार

**नोएडा।** जान की खातिर दिल्ली के विज्ञान विहार को छोड़कर नोएडा के सेक्टर-32 में रहने वाले युवक को अब भी हत्या की धमकी मिल रही है। पीड़ित ने दिल्ली निवासी दो भाइयों पर हत्या की धमकी देने और जान का खतरा जताते हुए सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-32 स्थित अमोरे आर्केड सोसाइटी निवासी सुमित गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह पूर्व में दिल्ली के विज्ञान विहार में रहते थे। वहां के रहने वाले सौरभ गौर और उसके भाई निखिल गौर से उनका विवाद रहता था। आरोपियों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके चलते वह दिल्ली छोड़कर नोएडा की सोसाइटी में रहने लगे। पीड़ित ने बताया कि वह 20 नवंबर की शाम इस्कॉन मंदिर के पास खड़े थे, तभी सौरभ गौर वहां आ धमका। उसने सुमित का कॉलर पकड़कर अभद्रता की। इसके बाद सौरभ गौर ने 25 दिसंबर को फोन पर जान से मारने की धमकी दी। निखिल गौर ने 27 दिसंबर को फोन करके पिस्टल से गोली मारकर हत्या करने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि 27 दिसंबर की रात सोसाइटी के बाहर उनकी गाड़ी खड़ी थी। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने ईंट मारकर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया और गाड़ी चारों तरफ से क्षतिग्रस्त कर दी। पीड़ित का कहना है कि दिल्ली छोड़कर नोएडा आने पर भी आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## छात्र की कार में पहले टक्कर मारी, फिर पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क क्षेत्र के कॉलेज में परीक्षा देने आए छात्र की कार में चार युवकों ने पहले गाड़ी से टक्कर मारी। इसके बाद कार से नीचे उतारकर मारपीट की। पीड़ति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्रेनो वेस्ट के सेक्टर-3 में रहने वाले आर्यन ने पुलिस से शिकायत की कि वह मंगलवार को नॉलेज पार्क स्थित कॉलेज में परीक्षा देने गया था। जब वह वापस लौट रहा था तो रास्ते में एक गाड़ी ने पीछे से उसकी कार में टक्कर मार दी। पीड़ति ने बताया कि गाड़ी में चार युवक और एक युवती बैठी थी। आरोप है कि कार में टक्कर मारने के बाद आरोपियों ने उसे रोक लिया। इसके बाद कार से नीचे उतारकर मारपीट की। अपनी गाड़ी में बैठाने का प्रयास किया। पीड़ति के शोर मचाने पर आरोपी धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने बताया कि मारपीट में उसे चोटें आईं। पीड़ति ने पुलिस से मामले की शिकायत की। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने महिलाओं को बताए साइबर ठगी से बचने के तरीके

**नोएडा।** मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर के थाना क्षेत्रों में बुधवार को महिलाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। मिशन शक्ति टीम ने महिलाकर्मियों को थानों पर गठित मिशन शक्ति केंद्र के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और महिला सुरक्षा से संबंधित उपलब्ध सुविधाओं के बारे में बताया। विभिन्न हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। मिशन शक्ति अभियान वर्तमान में जिले के तीनों जोन में चलाया जा रहा है।

### जीएसटी पर व्यापारियों से 17 जनवरी को संवाद होगा

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑडीटोरियम में 17 जनवरी को दोपहर 12 बजे से व्यापारी संवाद कार्यक्रम होगा। राज्यकर विभाग नोएडा की ओर से होने वाले इस कार्यक्रम में व्यापारी, व्यापारमंडल के पदाधिकारी, अधिवक्ता और चार्टेड अकाउंटेंट समेत अन्य लोग हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में जीएसटी से जुड़ी व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को सुना जाएगा।

## गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में मकर संक्रांति उत्सव और पतंग महोत्सव का हर्षोल्लासपूर्ण आयोजन



**ग्रेटर नोएडा।** गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में आज मकर संक्रांति उत्सव, पतंग महोत्सव और समूह गतिविधियों का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट-1 और यूनिट-4 द्वारा स्कूल ऑफ आईसीटी के वाईयूवीए क्लब के सहयोग से आयोजित किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय में चल रहेएनएसएस युवा सप्ताह महोत्सव का एक प्रमुख हिस्सा रहा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों में सांस्कृतिक चेतना, सामाजिक सद्भाव, टीम भावना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना था। पतंग महोत्सव और सामूहिक खेलों ने पूरे परिसर को उत्साह और उल्लास से भर दिया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया, जिससे यह पर्व यादगार बन गया।

## युवाओं को विदेश में नौकरी का झांसा देकर साइबर अपराधियों के हवाले करने वाला एजेंट गिरफ्तार




**नोएडा।** थाना साइबर क्राइम पुलिस ने आज साइबर स्लेवरी के लिए भारतीय युवाओं को विदेश में उच्च पदों पर नौकरी के नाम पर झांसा देकर साइबर अपराधी के पास युवाओं को भेजने वाले एक फर्जी एजेंट को जनपद शामली से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त ने अब तक 6 युवाओं को अपने जाल में फंसाकर जॉब के नाम पर विदेश में बैठे साइबर अपराधियों के हवाले कर चुका है।

अपर पुलिस उपायुक्त साइबर क्राइम ने बताया कि नोएडा के सेक्टर-73 में रहने वाले एक युवक ने थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कराया था कि विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की गई है। उन्होंने बताया कि इस मामले में थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस द्वारा संकलित सूचना के आधार पर भारतीय युवाओं को विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी कर व जाल में फंसा कर विदेश में बैठे साइबर अपराधियों के पास भेजने वाले फर्जी एजेंट शुभम पुंडीर पुत्र अरविंद सिंह निवासी ग्राम भगवान जलालपुर थाना बाबरी जिला शामली को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त ने अब तक भारत के विभिन्न प्रान्तों के करीब 6 युवाओं को अपने जाल में फंसाकर जॉब के नाम पर विदेश में बैठे साइबर अपराधियों के हवाले कर चुका है। उन्होंने बताया कि नोएडा सेक्टर-73 निवासी वादी मुकदमा के जांच के दौरान पता चला कि शुभम नाम के व्यक्ति द्वारा विदेश में जॉब दिलाने के नाम पर 80 हजार रुपए लिए गये एवं वादी को एयर टिकट पर थाईलैंड भेजा गया। जहां से वादी को साइबर अपराधियों द्वारा कब्जे में लेकर म्यांमार देश ले जाया गया। जहां पर उसको साइबर स्लेवरी में रखकर दुनिया के विभिन्न देशों के व्यक्तियों को साइबर ठगी के लिए विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म, फेसबुक, इस्ट्राग्राम, टिन्डर ऐप आदि के माध्यम से ग्रेटिंग मैसेज भिजवाकर ठगी करायी जाती थी। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू के बाद वादी को भारत लाया गया। पीडित की लिखित तहरीर के आधार पर सुसगंत धाराओ में एजेंट के खिलाफ थाना साइबर क्राइम पर अभियोग पंजीकृत कराया गया। उन्होंने बताया कि वादी द्वारा बताया गया था कि अभियुक्त शुभम से इंस्टाग्राम के माध्यम से संपर्क हुआ था और उसने विदेश में थाइलैंड में डाटा एन्टी की जॉब दिलाने के नाम पर 80 हजार रुपए लिए थे। उसके बाद अपराधी अभियुक्त द्वारा थाइलैंड से म्यांमार देश में बैठे साइबर अपराधियों के हवाले कर दिया। जिनके द्वारा वादी मुकदमा से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेट फार्म फेसबुक इस्ट्राग्राम, टिन्डर एप आदि के माध्यम से ग्रेटिंग मैसेज कराकर साइबर ठगी करायी गयी।

बता दें कि दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में आकर्षक नौकरियों के नाम पर भारतीय प्रवासी अब एक नए तरह के जाल में फंस रहे हैं। जहां पर भारतीयों को उच्च वेतन वाली नौकरियों का वादा करके साइबर गुलामी करवाई जा रही है। साइबर गुलामी शोषण का एक आधुनिक रूप है। जिसमें व्यक्तियों को अवैध रूप से बंधक बनाकर साइबर धोखाधड़ी में शामिल होने के लिए मजबूर किया जाता है। इसके तहत व्यक्तियों को उच्च वेतन वाले डाटा एंट्री पदों को हासिल करने का लालच देकर दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में ले जाया जाता है, जहाँ उनसे जबरन साइबर धोखाधड़ी कराई जाती है।




# लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में लगाई डुबकी

## भोर से ही गंगातट पर स्नान के लिए गंगा घाटों पर पहुंचने लगे श्रद्धालु

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश की धार्मिक नगरी वाराणसी में मकर संक्रांति पर्व की तिथियों को लेकर भ्रम को दरकिनार कर लाखों श्रद्धालुओं ने बुधवार को पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और दानपुण्य किया। परम्परागत रूप से पर्व (14 जनवरी) को मनाने वाले श्रद्धालु भोर से परिवार के साथ गंगा स्नान करने के लिए पहुंचने लगे। अलसुबह भगवान सूर्य के उदीयमान होने के साथ दिन चढ़ने तक स्नान - ध्यान का सिलसिला गंगा घाटों पर चलता रहा।



दोपहर में भी यह स दशाश्वमेध घाट के तीर्थ पुरोहित अजय तिवारी ने कहा कि इस साल मकर संक्रांति के दिन बुधवार को षटतिला एकादशी भी है। करीब 23 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब संक्रांति और एकादशी एक ही दिन हैं। यह संयोग बहुत पुण्यकारी माना जाता है। इस दौरान किया गया स्नान, दान और पूजा शुभ फल देने वाला माना जाता है। उन्होंने बताया कि अपरान्ह 3 बजकर 7 मिनट पर सूर्यदेव मकर राशि में प्रवेश करेंगे। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश करना ही मकर संक्रांति कहलाता है। यह गोचर दोपहर बाद हो रहा है, इसलिए तिथि को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। लेकिन गोचर के आधार पर मकर संक्रांति 14 जनवरी को मना सकते हैं जबकि स्नान-दान, पूजा और धार्मिक कार्यों के लिए 15 जनवरी को अधिक शुभ माना जा रहा है। इसलिए श्रद्धालु दो दिन पर्व मना रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्नान पर्व पर काशीवासी और बाहर से आए श्रद्धालु गंगा स्नान कर मां गंगा का आशीर्वाद लेते हैं। इसी दिन पतंगबाजी भी होती है। पर्व के दिन गंगाघाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। गंगा घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है। पुलिस बल और महिला पुलिस कांस्टेबलों की तैनाती की गई है। ड्रोन कैमरों से घाटों पर लगातार निगरानी की जा रही है। पर्व पर गंगा स्नान के बाद बच्चों और युवाओं ने गंगाघाटों से लेकर घर तक पतंगबाजी शुरू कर दी। बताते चलें इस साल मकर संक्रांति पर्व की तिथि को लेकर लोगों में भ्रम की स्थिति है। कहीं 14 जनवरी को पर्व मनाने की बात हो रही है, तो कहीं 15 जनवरी को। अयोध्या में रामलला मंदिर के शिलान्यास और विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुर्हूत निकालने वाले काशी के दिग्गज विद्वान पं. गणेश्वर द्राविड़ के अनुसार संक्रांति पुण्यकाल के विषय में गणेश आपा जी पंचाग एवं देशपांडे पंचाग में मकर संक्रांति पुण्यकाल 14 जनवरी को दिया गया है। इस भूल को लोग सुधार कर 15 जनवरी को दिन के पूर्वार्ध में मकरसंक्रांति निमित्त स्नान, दान, तर्पण , श्राद्ध पूजन आदि करें। भूल से हुई चूक को लोग सुधारने के लिए तैयार हैं। ऐसी स्थिति में उक्त पंचांगों को लेकर दुष्प्रचार एवं परिहास करना उचित नहीं है।

## श्रद्धालुओं ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** प्रयागराज के संगम तट पर आयोजित माघ मेले के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति से पूर्व बुधवार को एकादशी पर दोपहर 12 बजे तक 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने यहां गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। यह जानकारी देते हुए मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि कल रात 12 बजे से ही स्नान प्रारंभ है। 15 जनवरी को मकर संक्रांति के स्नान पर्व से पूर्व बुधवार को दोपहर 12 बजे तक 50 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान कर लिया है।



उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति को शाम तक यह संख्या एक करोड़ श्रद्धालुओं से अधिक हो सकती है। पुलिस अधीक्षक (माघ मेला) नीरज पांडेय ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम आवागमन के लिए पूरे मेला क्षेत्र में 10,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात हैं। पौष पूर्णिमा स्नान पर्व पर 31 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई थी। माघ मेला-2024 में पौष पूर्णिमा पर 28.95 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया था। मेला अधिकारी ऋषिराज का कहना है कि भीड़ प्रबंधन एवं सुगम यातायात के दृष्टिगत इस बार 42 अस्थायी पार्किंग का इंतजाम किया गया है जिसमें लगभग एक लाख से अधिक वाहन पार्क हो सकेंगे।

उन्होंने बताया कि माघ मेला 2025-26 में कुल 12100 फुट लंबे घाटों का निर्माण किया गया है जिनमें सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे वस्त्र बदलने का कक्ष, पुआॅल, शौचालय आदि उपलब्ध हैं। मेला अधिकारी के अनुसार, माघ मेले में गंगा में जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कानपुर के गंगा बैराज से प्रतिदिन 8000 क्यूसेक जल छोड़ा जा रहा है। दारागंज में कर्मकांड कराने वाले पंडित रविशंकर मिश्रा ने कहा कि बुधवार को षट्तिला एकादशी है और इस दिन छह प्रकार से तिल का प्रयोग किया जाता है। इस दिन काली तिल और काली गाय के दान का विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि एकादशी का मुहूर्त बुधवार रात नौ बजे से लेकर बृहस्पतिवार को दोपहर डेढ़ बजे तक है, लेकिन स्नान की दृष्टि से बृहस्पतिवार को पूरे दिन मकर संक्रांति का पुण्यकाल माना जाएगा।

## चीनी मांझे की चपेट में आने से चिकित्सक की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में चीनी मांझे की चपेट में आने स एक चिकित्सक की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना लाइन बाजार थानाक्षेत्र के पचहटिया गांव के पास प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के सामने हुई। पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि केराकत कोतवाली क्षेत्र निवासी डॉ. मोहम्मद शमीर फिजियो थेरेपीस्ट और एक निजी चिकित्सक थे। उन्होंने बताया कि डॉ. शमीर बुधवार सुबह मोटरसाइकिल से जौनपुर मुख्यालय किसी चिकित्सक से मिलने आए थे और वापस लौटते समय प्रसाद इंटरनेशनल स्कूल के पास अचानक सड़क पर फैले चीनी मांझे की चपेट में आ जाने से उनकी गर्दन बुरी तरह कट गई। अधिकारी ने बताया कि मौके पर पहुंचे यातायात निरीक्षक सुशील मिश्र ने तत्काल घायल को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उनकी मौत हो गई। क्षेत्राधिकारी (नगर) गोल्डी गुप्ता ने बताया कि पुलिस चीनी मांझे पर पूरी तरह रोक लगाना का प्रयास कर रही है लेकिन ऑनलाइन बिक्री की वजह से रोक लगाना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के लिए मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की लंबी कतार

## श्रद्धालुओं को न हो कोई दिक्कत, व्यवस्थाओं की खुद मॉनिटरिंग करते रहे मुख्यमंत्री





**गोरखपुर।** मकर संक्रांति का मुख्य पर्व गुरुवार को मनाया जाएगा लेकिन इससे एक दिन पहले बुधवार को ही गोरखनाथ मंदिर में आस्था का ज्वार उमड़ पड़ा। शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी चढ़ाने के लिए मंदिर परिसर से लेकर बाहर तक भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लग गई। लाखों श्रद्धालुओं ने मुख्य पर्व से एक दिन पहले ही बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाई।

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में मकर संक्रांति के पुण्य काल में महायोगी गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी भोग अर्पित करेंगे। बाबा गोरखनाथ के दरबार में खिचड़ी चढ़ाने के लिए मंगलवार रात से ही श्रद्धालुओं ने डेरा डालना शुरू कर दिया था। बुधवार भोर में मंदिर के कपाट खुलते ही खिचड़ी चढ़ाने का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच समूचा मंदिर परिसर गुरु गोरखनाथ के जयकारों से गूंज उठा। सुख समृद्धि की मंगलकामना को लेकर उत्तर प्रदेश, पड़ोसी राज्य बिहार और मित्र राष्ट्र नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर भगवान गुरु गोरखनाथ को श्रद्धा की खिचड़ी निवेदित की। उसके बाद मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं का पूजन कर ब्रह्मलीन महंत बाबा गंभीरनाथ, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजनाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर में अलग-अलग गेट और बैडिकेडिंग से श्रद्धालुओं की भीड़ को संभाला जा रहा था।

श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन हुआ। मंगलवार रात से गोरखनाथ मंदिर में प्रवास कर रहे गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के दृष्टिगत खुद सभी व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहे थे। मंगलवार रात को मंदिर परिसर का निरीक्षण करने के बाद बुधवार सुबह भी उन्होंने परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की गोसेवा, बच्चों को दुलारा





गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा की। उन्होंने गोवंश को अपने हाथों से गुड़ खिलाया और उनकी समुचित देखभाल के लिए गोशाला के कार्यकर्ताओं को जरूरी निर्देश दिए। इसी क्रम में मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए सीएम योगी ने श्रद्धालुओं के साथ आए उनके बच्चों को दुलारकर आशीर्वाद और चॉकलेट दिया।

## बुजुर्ग व्यक्ति का धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जालौन।** एक बुजुर्ग हिंदू व्यक्ति का कथित तौर पर जबरन धर्म परिवर्तन कराए जाने के मामले में एक महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी गयी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।





उरई कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर चंद्र ने बुधवार को बताया कि मंगलवार देर शाम पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार के आदेश पर मुस्लिम महिला रेशमा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया और पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। उरई क्षेत्र के रहने वाले गोपी अहिरवार ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया था कि रेशमा ने उसके साथ धोखाधड़ी की। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी दो बीघा जमीन लगभग 10 लाख रुपये में बेची गई थी और रेशमा ने उसके हिस्से के पांच लाख रुपये हड़प लिये और जबरन उसका धर्म परिवर्तन करा दिया तथा उसका नाम दीन मोहम्मद रख दिया। अहिरवार ने आरोप लगाया कि रेशमा उसे लगातार धमकी देती रही कि अगर उसने हिंदू धर्म में वापसी की या किसी से इसकी शिकायत की तो उसकी हत्या कर दी जाएगी। पीड़ित ने बताया कि सरकारी अभिलेखों में उसका नाम गोपी अहिरवार दर्ज है और वह हिंदू धर्म में ही रहना चाहता है।

मामले के सामने आने के बाद मंगलवार दोपहर पीडब्ल्यूडी परिसर स्थित हनुमान मंदिर में गोपी उर्फ दीन मोहम्मद की विधिवत 'घर वापसी' करायी गयी और गंगाजल से शुद्धिकरण के बाद दाढ़ी बनवाई गई। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सेवा प्रमुख बलवीर सिंह जादौन ने कहा कि जबरन या धोखे से धर्म परिवर्तन कराने वालों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

## तालाब में डूबने से चार किशोरों की मृत्यु

**प्रयागराज।** जिले के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हुसैनपुर अहमदपुर पावन गांव में एक तालाब में डूबने से चार किशोरों की मृत्यु हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीसीपी (नगर) मनीष शांडिल्य ने बताया कि ये लड़के मंगलवार की शाम घर में बताए बगैर कहीं चले गए थे। रातभर इनके घर वालों ने इन्हें ढूंढा, लेकिन ये नहीं मिले और आज गांव के एक तालाब में इनके शव मिले। उन्होंने बताया कि मृतकों की शिनाख्त प्रिंस सोनकर (10), प्रतीक सोनकर (13), करन (19) और प्रियांशु (10) के रूप में हुई है। ऐसा प्रतीत होता है कि ये लड़के कल तालाब में नहाने चले गए थे जहां डूबने से इनकी मृत्यु हुई। इनके शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

## कानपुर भाजपा में सब कुछ सामान्य, मतभेद की कोई बात नहीं : डॉ. दिनेश शर्मा

**कानपुर।** कानपुर नगर निगम महापौर और पार्षदों के बीच किसी तरह का कोई मतभेद नहीं है। पूरी भाजपा पार्टी एक परिवार है और परिवार में बर्तन तो खटकते ही रहते हैं लेकिन वह सभी शहर के विकास के लिए एकजुट होकर लगे हुए हैं। शहर में बहुत अच्छे कार्य हो रहे हैं।

भाजपा सरकार में सभी कार्यकर्ता और नेता एक समान हैं। कोई भी छोटा या बड़ा नहीं है। यह बातें बुधवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने मीडिया के सवाल महापौर पुत्र बंटी पाण्डेय और पार्षदों के बीच चल रहे विवाद पर कही। उत्तर प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा आज कानपुर पहुंचे। जहां पर उन्होंने हैलट अस्पताल के आईसीयू वार्ड में भर्ती अवध प्रांत के सह प्रचारक संजय की माता जी से मिलकर उनका हालचाल जाना। इसके साथ उन्होंने माता की के उत्तम स्वास्थ्य की कामना भी करी। पत्रकारों द्वारा पार्षदों और महापौर के बीच चल रहे विवाद को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि वह खुद करीब ग्यारह साल तक महापौर रहे हैं। महापौर और पार्षदों के बीच कोई विवाद नहीं होता है।

बल्कि विकास कार्यों को लेकर एक दूसरे से चर्चा की जाती है। ताकि विकास को गति मिल सके। पूरी बीजेपी पार्टी एक परिवार है और जहां परिवार में चार सदस्य होंगे, तो वहां पर आपस में बर्तन जरूर खटकेंगे। तो इसे विवाद नहीं कहा जा सकता, क्योंकि भाजपा पार्टी एक परिवार है जिसमें जुड़े सभी कार्यकर्ता और नेता उसका हिस्सा है यहां पर कोई भी छोटा और बड़ा नहीं है। उन्होंने अपने पास खड़े सांसद रमेश अवस्थी और गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी का जिक्र करते हुए कहा कि शहर की बागडोर इनके हाथों में है। यही कारण है कि यहां पर विकास दिख रहा है।

## संभल में फिर चला अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का बुलडोजर

**संभल।** उत्तर प्रदेश के जनपद संभल की सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम बिछौली में सरकारी भूमि पर किए गए कब्जों के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। तहसीलदार संभल धीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में राजस्व विभाग की एक टीम गठित कर गांव में स्थित विभिन्न सरकारी भूमि का सीमांकन के बाद कब्जा हटाने की कार्यवाही की जा रही है।



तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम बिछौली में गाटा संख्या 1242 रकबा 0.769 हेक्टेयर (पशुचर), 1241 रकबा 0.510 हेक्टेयर (उद्यान), 1240 रकबा 0.166 हेक्टेयर (खाद के गड्ढे), 1238 रकबा 0.041 हेक्टेयर (रास्ता), 1237 रकबा 0.182 हेक्टेयर (खाद के गड्ढे), 1236 रकबा 0.081 हेक्टेयर (खेल का मैदान), 1235 रकबा 0.040 हेक्टेयर (स्कूल) तथा 1234 रकबा 0.040 हेक्टेयर (पंचायत घर) की भूमि पर स्थानीय निवासियों द्वारा किए गए अवैध कब्जों को चिन्हित किया जा रहा है। सीमांकन की कार्रवाई के दौरान मौके पर राजस्व कर्मियों के साथ प्रशासनिक टीम मौजूद रही। तहसीलदार धीरेंद्र प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि कुल लगभग 20 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाएगा। चिन्हित अवैध निर्माणों और कब्जों को हटाने के लिए बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन की इस कार्रवाई से गांव में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं तहसीलदार ने चेतावनी दी है कि सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी है।

तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि आज यहां पैमाइश पूरी हो जाएगी यह लगभग 20 बीघा जमीन है जो कि पंचायत घर , स्कूल आदि के नाम से दर्ज है इस पर कब्जे पाए गए हैं इनके खिलाफ तमाम न्यायालयों में मुकदमे तय हो चुके हैं उसमें बेदखली के आदेश पारित हो चुके हैं लेकिन यह लोग कब्जा नहीं छोड़ रहे थे । आज इस पर कब्जा हटाने की कार्यवाही की जा रही है इसमें कुछ कब्जे आवासीय और कुछ धार्मिक कब्जे भी है यह कब्जे हटाए जा रहे हैं।

## आगरा चुंगी हाइवे कट बंद होने से व्यापारी नाखुश

**हाथरस।** जनपद हाथरस में आगरा अलीगढ़ राजमार्ग पर स्थित आगरा चुंगी कट को बंद करने के प्रशासन के निर्णय का स्थानीय व्यापारियों और निवासियों द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से इस फैसले पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ब्रजभूमि एक्सप्रेसवे पर डिवाइडर के बीच छोड़े गए कटों को बंद करने के निर्देश दिए थे। इन निर्देशों के बाद कई कट बंद कर दिए गए हैं। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि यदि यह कट बंद कर दिया जाता है, तो उन्हें व्यापार में गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। उनका कहना है कि बाहर से आने वाला सामान इसी कट से बाजार में प्रवेश करता है, और इसके बंद होने से व्यापारियों को आर्थिक हानि उठानी पड़ सकती है।

## रूसी कलाकारों ने बिखेरे हुनर के रंग

**गाजियाबाद।** इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज (आईपीईसी) एवं रूसी सांस्कृतिक केंद्र, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में मॉडल कोरियोग्राफिक एन्सेम्बल "कज़ाच्ये रज़्दोल्ये" (रूस) द्वारा रूसी लोक नृत्य संध्या का भव्य आयोजन किया गया।



कार्यक्रम के दौरान आईपीईसी परिसर अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सौहार्द के रंगों में रंगा नजर आया, जब रूस से आए प्रसिद्ध नृत्य दल ने अपनी ऊर्जावान और मनोहारी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।आईपीईसी के वाइस प्रेसिडेंट (इंटरनेशनल रिलेशंस) विभूति शंकर ने स्वागत संबोधन में संस्थान द्वारा आयोजित पूर्व अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों का उल्लेख करते हुए कहा कि आईपीईसी निरंतर वैश्विक सांस्कृतिक और शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने रूस के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के पूर्व दौरे का भी स्मरण कराया, जो रूसी संघ के राष्ट्रपति श्री व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा के दौरान संपन्न हुआ था। स्टावरोपोल क्षेत्र से आए इस नृत्य दल का स्वागत करते हुए उन्होंने इसे संस्थान की अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक सहभागिता की एक महत्वपूर्ण कड़ी बताया। इस अवसर पर आईपीईसी के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल ने कहा कि भारत और रूस के बीच सॉफ्ट पावर डिप्लोमेसी को सशक्त बनाने में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अहम भूमिका है। ऐसे आयोजन युवाओं के मन में स्थायी प्रभाव छोड़ते हैं और भविष्य के सामाजिक व तकनीकी सहयोग का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

रूसी नृत्य दल की युवा कलाकारों ने टेरेक कोसैक्स की जीवनशैली, परंपराओं और लोक विरासत पर आधारित नृत्यों की सजीव प्रस्तुति दी। सटीक तालमेल, सशक्त भाव-भंगिमाएं, रंगीन परिधान और पारंपरिक संगीत ने दर्शकों को रूसी संस्कृति से आत्मीय रूप से जोड़ दिया। रूसी सांस्कृतिक केंद्र की प्रतिनिधि सुश्री एलेना बारमैन ने बताया कि यह दल मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग सहित अनेक शहरों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुति दे चुका है।

नृत्य दल का नेतृत्व कलात्मक निदेशक एलेना कुरोपाटकिना ने किया। कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय व लोक नृत्य प्रस्तुतियां भी शामिल रहीं, जिससे सांस्कृतिक आदान-प्रदान और अधिक सशक्त हुआ। समापन पर दर्शकों ने कलाकारों की सराहना करते हुए आईपीईसी की पहल की प्रशंसा की। कार्यक्रम में निदेशक डॉ. अनिल सोलंकी, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डीन एकेडेमिक्स डॉ. अमित जैन, सुनीता यादव, अजय चौधरी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में रोहित को पीछे छोड़कर फिर से शीर्ष पर पहुंचे कोहली

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने चार साल से अधिक समय बाद एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर-1 स्थान हासिल कर लिया है। जुलाई 2021 के बाद पहली बार कोहली ने यह मुकाम पाया है। उन्होंने साथी खिलाड़ी रोहित शर्मा को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की, जिसकी मुख्य वजह न्यूजीलैंड के खिलाफ वडोदरा में खेले गए मैच में उनकी मैच जिताऊ 93 रन की पारी रही। यह कोहली के शानदार करियर में 11वीं बार है जब वह वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे हैं।

हालिया समय में उनका प्रदर्शन बेहद प्रभावशाली रहा है। नवंबर-दिसंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में उन्होंने 135, 102 और नाबाद 65 रन बनाए थे, वहीं अक्टूबर में सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी उन्होंने नाबाद 74 रन की



उम्दा पारी खेली थी। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली पहली बार अक्टूबर 2013 में वनडे रैंकिंग के शिखर पर पहुंचे थे। अब तक वह कुल 825 दिन नंबर-1 पर रह चुके हैं, जो किसी भी भारतीय बल्लेबाज़ के लिए सर्वाधिक है। वह ऑल-टाइम सूची में 10वें स्थान पर हैं, जिसमें वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज विवियन रिचर्ड्स 2,306 दिनों के साथ शीर्ष पर हैं। इस बीच न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने भी रोहित शर्मा को पीछे छोड़ दिया है। शीर्ष तीन बल्लेबाजों के बीच केवल 10 अंकों का अंतर है, जिससे आने वाले दिनों में नंबर-1 की दौड़ और रोचक हो सकती है। अन्य वनडे रैंकिंग अपडेट में के.एल. राहुल एक स्थान ऊपर चढ़कर 11वें और डेवोन कॉनवे तीन स्थान की छलांग लगाकर 29वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज पांच स्थान ऊपर चढ़कर 15वें और काइल जैमीसन 27 स्थान की बड़ी छलांग लगाकर 69वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### टेस्ट रैंकिंग में भी बड़े बदलाव

पुरुष टेस्ट रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ एक-एक स्थान ऊपर चढ़कर क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। एशेज सीरीज के अंतिम टेस्ट में दोनों ने शतक जमाए थे, जहां ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में पांच विकेट से जीत दर्ज कर सीरीज 4-1 से अपने नाम की। इंग्लैंड के जो रूट ने ऑस्ट्रेलिया में आखिरकार टेस्ट शतक जड़ा और सीरीज में इंग्लैंड के सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। इससे उन्होंने टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान और मजबूत किया, जबकि हैरी ब्रूक दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। जैकब बेथेल की 154 रन की पारी ने उन्हें 25 स्थान की छलांग के साथ 52वें स्थान पर पहुंचा दिया है। टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' मिचेल स्टार्क ने 31 विकेट लेकर नौवें से तीसरे स्थान तक का सफर तय किया। उनके ऑल-राउंड प्रदर्शन के चलते वह टेस्ट ऑल-राउंडर्स की टॉप-5 सूची में भी शामिल हो गए हैं। स्कॉट बोलैंड 20 विकेट के साथ सातवें स्थान पर बने हुए हैं, जबकि माइकल नेसर पहली बार टॉप-50 में पहुंचे हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोश टंग ने मैच में छह विकेट लेकर नौ स्थान की छलांग लगाई और करियर की सर्वश्रेष्ठ 21वीं रैंकिंग हासिल की।

### टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में भी हलचल

आईसीसी पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में श्रीलंका के स्पिनर वानिंदु हसरंगा तीन स्थान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की घरेलू सीरीज में कुल पांच विकेट लिए थे, जो 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई। पाकिस्तान के बल्लेबाज साहिबजादा फरहान एक स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें और सलमान आगा 13 स्थान की छलांग लगाकर 41वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं बाएं हाथ के तेज गेंदबाज़ सलमान मिर्जा ने भी तीन विकेट लेकर 16 स्थान की छलांग के साथ 19वां स्थान हासिल किया है।

# न्यूजीलैंड ने भारत को सात विकेट से हराया

## दूसरे वनडे में डेरिल मिचेल का शतक





**राजकोट।** डेरिल मिचेल की नाबाद 131 रन की पारी और विल यंग (87) के साथ तीसरे विकेट के लिए 162 रन की साझेदारी के दम पर न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे वनडे मैच में बुधवार को यहां भारत को सात विकेट से शिकस्त दी।

भारतीय स्पिन गेंदबाज एक बार फिर घरेलू मैदान पर प्रभाव नहीं छोड़ सके और न्यूजीलैंड ने जीत के लिए मिले 285 रन के लक्ष्य को 15 गेंद शेष रहते हासिल कर तीन मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। निरंजन शाह स्टेडियम की स्पिनरों की मददगार पिच पर न्यूजीलैंड ने न सिर्फ बेहतर ढंग से परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाला बल्कि भारत से कहीं बेहतर प्रदर्शन भी किया। केएल राहुल की 91 गेंदों में खेली गई नाबाद 112 रन की पारी (नौ चौके और एक छक्का) के बावजूद भारत को सात विकेट पर 284 रन ही बना सका।

न्यूजीलैंड ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 47.3 ओवर में तीन विकेट पर 286 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। श्रृंखला का निर्णायक तीसरा वनडे रविवार को इंदौर में खेला जाएगा।

# दिल्ली में प्रदूषण के कारण इंडिया ओपन के लिए नहीं आए एंटोनसन

**नई दिल्ली।** दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसन ने बुधवार को कहा कि दिल्ली में बहुत अधिक प्रदूषण के कारण उन्होंने लगातार तीसरे साल इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया। एंटोनसन ने पिछले हफ्ते इंडिया ओपन से हटने का फैसला किया था लेकिन यह कारण नहीं बताया था कि उन्होंने आखिर क्यों ऐसा फैसला किया।



डेनमार्क के इस खिलाड़ी ने हालांकि बुधवार को इंस्टाग्राम पर अपने फैसले का कारण बताते हुए दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर को जिम्मेदार ठहराया। एंटोनसन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, "बहुत से लोग जानना चाहते हैं कि मैंने लगातार तीसरे साल इंडिया ओपन से नाम क्यों वापस ले लिया है। इस समय दिल्ली में बहुत अधिक प्रदूषण है इसलिए मुझे नहीं लगता कि यह बैडमिंटन टूर्नामेंट की मेजबानी करने के लिए सही जगह है।"

डेनमार्क के इस 28 साल के खिलाड़ी ने हालांकि उम्मीद जताई कि अगस्त में जब इसी जगह पर बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा तो हालात जनवरी की तुलना में बेहतर होंगे।

विश्व चैंपियनशिप में एक रजत और तीन कांस्य पदक सहित चार पदक जीतने वाले एंटोनसन ने कहा, "उम्मीद है कि गर्मियों में जब दिल्ली में विश्व चैंपियनशिप होगी तो हालात बेहतर होंगे।" एंटोनसन ने इंडिया ओपन का ड्रॉ निकाले जाने से पहले ही प्रतियोगिता से नाम वापस ले लिया था लेकिन उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता से हटने के कारण वैश्विक संचालन संस्था बीडब्ल्यूएफ ने उन पर पांच हजार अमेरिकी डॉलर का जुर्माना लगाया है।

# अंडर19 विश्व कपः अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगा भारत

**बुलावायो (जिम्बाब्वे)।** कई युवा सितारों से सजी भारतीय टीम अंडर 19 विश्व कप में छठा खिताब जीतने के लिए अमेरिका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करके गुरुवार को यहां अपने अभियान की शानदार शुरुआत करना चाहेगी। अब तक खेले गए 16 अंडर-19 विश्व कप में भारत पांच बार का विजेता रहा है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1988 में की गई थी और ऑस्ट्रेलिया ने पहला चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था।



विराट कोहली, रोहित शर्मा, केन विलियमसन, जो रूट और स्टीव स्मिथ जैसे खिलाड़ियों ने इसी टूर्नामेंट के जरिए क्रिकेट प्रेमियों का ध्यान अपनी तरफ खींचा था और बाद में उन्होंने खुद को खेल के दिग्गज खिलाड़ियों के रूप में स्थापित किया। भारत के मौजूदा टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल ने भी पहली बार 2018 के अंडर-19 विश्व कप में अपने शानदार प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं, जिसमें टीम ने पृथ्वी साव के नेतृत्व में जीत हासिल की थीं। साव ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की बेहतरीन शुरुआत की थी लेकिन हाल के वर्षों में उनका प्रदर्शन फीका पड़ गया है। अतीत में यह प्रतियोगिता ब्रायन लारा, सनथ जयसूर्या, इंजमाम उल हक, ग्रीम स्मिथ, माइकल क्लार्क, हाशिम अमला और एलिस्टेयर कुक जैसे खिलाड़ियों के लिए एक सीढ़ी के रूप में भी काम कर चुकी है, जो सभी आगे चलकर खेल के दिग्गज खिलाड़ी बने।

भारत ने 2018 के अलावा 2000, 2008, 2012 और 2022 में ट्रॉफी जीती है। वह 2024 में फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार गया था लेकिन इस बार वह खिताब का प्रबल दावेदार है। भारतीय टीम कागजों पर संतुलित और मजबूत दिखती है। पिछले 16 मैचों में 13 में जीत हासिल करके टीम ने साबित कर दिया है कि वह जीतना जानती है। इस बीच उसने इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में श्रृंखला जीती।

इसका मतलब है की टीम विदेश की परिस्थितियों में भी जीत हासिल करना जानती है। भारतीय चुनौती का नेतृत्व प्रतिभाशाली वैभव सूर्यवंशी, कप्तान आयुष म्हात्रे, उप कप्तान विहान मल्होत्रा और शीर्ष क्रम के बल्लेबाज आरोन जॉर्ज करेंगे। जॉर्ज अंडर-19 एशिया कप में 228 रन बनाकर भारत के शीर्ष स्कोरर रहे थे, जहां उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ने फाइनल मुकाबले में उन्हें चौंका दिया था। हालांकि हाल के दिनों में म्हात्रे की फॉर्म थोड़ी चिंता का विषय रही है, लेकिन टीम में अभिज्ञान कुंडू भी शामिल हैं, जिन्होंने हाल में बेहद अच्छा प्रदर्शन किया है।

महज 14 साल की उम्र में अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से सूर्यवंशी पहले से ही दुनिया के सबसे चर्चित युवा क्रिकेटरों में से एक हैं। उन्होंने पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग के 2025 के सत्र में 35 गेंदों में शतक लगाकर सुर्खियां बटोरी थीं। प्रतिभाशाली सूर्यवंशी का स्टार बनना तय लग रहा है, लेकिन इस भारतीय टीम में अन्य खिलाड़ी भी हैं जिन्हें भविष्य के सितारों के रूप में देखा जाता है और जो कोहली, रोहित और गिल जैसे खिलाड़ियों की विरासत को आगे बढ़ाएंगे। टूर्नामेंट से पहले चोटिल होने के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से बाहर रहने वाले म्हात्रे और मल्होत्रा ने टीम में वापसी की है जिससे भारत की बल्लेबाजी को मजबूती मिली है।

जहां तक तेज गेंदबाजी का सवाल है तो तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन टीम के लिए एक्स-फैक्टर साबित हो सकते हैं। उनका अनोखा एक्शन उनकी सफलता में अहम भूमिका निभा सकता है। आरएस अंबरीश भी अच्छी गति से गेंदबाजी करते हैं और बल्ले से भी उपयोगी योगदान देने की क्षमता रखते हैं। किशन सिंह और हेनिल पटेल टीम के अन्य दो तेज गेंदबाज हैं। भारत को इस टूर्नामेंट से पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड से 20 रन से हार का सामना करना पड़ा था लेकिन वह इसे ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहेगा। उत्कर्ष श्रीवास्तव की अगुवाई वाली अमेरिका की टीम मजबूत भारतीय टीम के लिए किसी तरह का गंभीर खतरा पैदा करेगी इसकी संभावना बहुत कम लगती है।

भारत को न्यूजीलैंड, अमेरिका और बांग्लादेश के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। अमेरिका के खिलाफ मैच के बाद भारत 17 जनवरी को बांग्लादेश और 24 जनवरी को न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच खेलेगा। जिम्बाब्वे और नामीबिया संयुक्त रूप से 16 टीमों के इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं, जिसमें तंजानिया और जापान जैसी टीमें भी शामिल हैं। तंजानिया पहली बार किसी वैश्विक टूर्नामेंट में खेलेगा जबकि जापान अपना दूसरा अंडर-19 विश्व कप खेलेगा।

### टीम इस प्रकार हैं

- **भारतः** आयुष म्हात्रे (कप्तान), आरएस अंबरीश, कनिष्क चौहान, डी दीपेश, मोहम्मद एनान, आरोन जॉर्ज, अभिज्ञान कुंडू, किशन कुमार सिंह, विहान मल्होत्रा, उधव मोहन, हेनिल पटेल, खिलान ए पटेल, हरवंश सिंह, वैभव सूर्यवंशी, वेदांत त्रिवेदी।
- **अमेरिकाः** उत्कर्ष श्रीवास्तव (कप्तान), अदनीत झांब, शिव शनि, नितीश सुदिनी, अद्वैत कृष्णा, साहिर भाटिया, अर्जुन महेश, अमरिंदर गिल, सबरीश प्रसाद, अदित कप्पा, साहिल गर्ग, अमोघ रेड्डी अरेपल्ली, ऋत्विक अप्पीदी, रेयान ताज, ऋषभ शिम्पी।

# ओला इलेक्ट्रिक ने की 4680 भारत सेल मंच के विस्तार की घोषणा

**नई दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने बुधवार को अपने '4680 भारत सेल' मंच के विस्तार की घोषणा की। इस पहल के तहत कंपनियां और स्टार्टअप अब ऑटोमोटिव, ह्यूमनॉइड्स (रोबोट), ड्रोन और पोर्टेबल चिकित्सा उपकरणों में उपयोग के लिए सीधे '4680 भारत सेल' या 1.5 केडब्ल्यूएच का '4680 भारत सेल' बैटरी पैक खरीद सकते हैं। बेंगलुरु की इस कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस घोषणा के साथ कंपनी स्टार्टअप और कंपनियों को भारत में डिजाइन, इंजीनियर और तैयार नए ऊर्जा भंडारण समाधानों के साथ तेजी से नवाचार करने और विस्तार करने में सक्षम बनाएगी। कंपनी ने यह भी कहा कि उसका आवासीय बैटरी ऊर्जा भंडारण समाधान (बीईएसएस)- 'ओला शक्ति' अब खरीद के लिए उपलब्ध है। इसके छह केडब्ल्यू / 9.1 केडब्ल्यूएच संस्करण की आपूर्ति जनवरी 2026 के अंत से और तीन केडब्ल्यू / 5.2 केडब्ल्यूएच संस्करण की आपूर्ति फरवरी 2026 के मध्य से शुरू होगी। इसके अलावा कंपनी ने कहा कि उसने अपनी प्रमुख मोटरसाइकिल 'रोडस्टर एक्स प्लस 9.1 केडब्ल्यूएच' की डिलीवरी भी शुरू कर दी है, जो '4680 भारत सेल' द्वारा संचालित है और एक बार चार्ज करने पर 500 किमी तक की रेंज देती है।

# कॉरपोरेट क्षेत्र का स्टार्टअप से जुड़ाव बढ़ाने के लिए सरकार प्रयासरतः डीपीआईआईटी सचिव

**नई दिल्ली।** सरकार उभरते उद्यमियों को बढ़ावा देने और देश में घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने के उद्देश्य से कंपनियों को स्टार्टअप के साथ अपने जुड़ाव को बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रही है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा कि स्टार्टअप फर्मों को उत्पादों के निर्माण में शामिल करने और उन्हें आपूर्ति श्रृंखला से जोड़ने से कंपनियों को विनिर्माण लागत घटाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में विभाग ने कई कंपनियों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, ताकि कॉरपोरेट जगत को स्टार्टअप के साथ काम करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। भाटिया ने यहां संवाददाताओं से कहा, "हम कॉरपोरेट क्षेत्र को स्टार्टअप फर्मों के साथ अपने जुड़ाव को बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कंपनियां अपनी समस्याओं के समाधान का काम स्टार्टअप को आउटसोर्स कर सकती हैं।"



उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य को पूरा कर पाना एक बड़ी चुनौती है, लेकिन इस दिशा में काम जारी है। भाटिया ने कहा कि 16 जनवरी को स्टार्टअप परिदृश्य पर केंद्रित 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' कार्यक्रम मनाया जाएगा, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। जनवरी 2016 में शुरू किए गए 'स्टार्टअप इंडिया' पहल के तहत सरकार तीन प्रमुख योजनाएं- स्टार्टअप के लिए कोषों का कोष, स्टार्टअप इंडिया सीड फंड यानी शुरुआती कोष योजना और स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी योजना का संचालन कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य स्टार्टअप फर्मों को विभिन्न चरणों में वित्तीय सहायता प्रदान करना है। डीपीआईआईटी सचिव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश की स्टार्टअप परिवेश को मजबूत करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं और अब तक विभाग की तरफ से दो लाख से अधिक इकाइयों को स्टार्टअप के रूप में मान्यता दी जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि मान्यता प्राप्त स्टार्टअप को स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत आयकर छूट सहित कई प्रोत्साहन दिए जाते हैं। भाटिया ने बताया कि गहन प्रौद्योगिकी पर आधारित स्टार्टअप फर्मों को बढ़ावा देने के लिए भी उपाय किए गए हैं और डीपीआईआईटी शोध एवं विकास प्रयोगशालाओं को स्टार्टअप परिवेश से जोड़ने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा, "सरकार इसके लिए वित्त मुहैया करा रही है और हमें उम्मीद है कि निजी क्षेत्र से भी निवेश आएगा।"

# गेहूं उत्पादन पिछले वर्ष के 11.79 करोड़ टन से अधिक रहने की उम्मीदः कृषि मंत्री

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को कहा कि अधिक बुवाई क्षेत्र और फसल की अनुकूल परिस्थितियों के कारण देश में गेहूं उत्पादन पिछले साल के 11.79 करोड़ टन के रिकॉर्ड स्तर से अधिक रहने की उम्मीद है।



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के एक कार्यक्रम के मौके पर चौहान ने कहा, "इस समय गेहूं की फसल अच्छी स्थिति में है। कोई नुकसान नहीं है। कुल मिलाकर, उत्पादन पिछले साल की तुलना में बेहतर होगा।" आईसीएआर के महानिदेशक एम एल जाट ने कहा कि गेहूं की बुवाई का क्षेत्रफल 3.2 करोड़ हेक्टेयर को पार कर गया है और फसल की स्थिति मजबूत बनी हुई है। जाट ने कहा कि समय पर और अगेती बुवाई के चलते उत्पादन को लेकर सकारात्मक अनुमान है। उन्होंने कहा, "अब तक फसल की स्थिति बहुत अच्छी है। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो हम 12 करोड़ टन के आंकड़े को छू लेंगे।"

कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2025-26 के रबी सत्र में दो जनवरी तक रिकॉर्ड 3.34 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं की बुवाई की गई है, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 3.28 करोड़ हेक्टेयर था।

# रुपया छह पैसे टूटकर 90.29 प्रति डॉलर पर हुआ बंद

**मुंबई।** रुपया बुधवार को शुरुआती बढ़त गंवाता हुआ छह पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.29 (अस्थायी) पर बंद हुआ। डॉलर में मजबूती, विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू बाजारों में गिरावट के कारण केंद्रीय बैंक के संभावित हस्तक्षेप का प्रभावी असर नहीं रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपये के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने के आसार हैं। हालांकि मुद्रास्फीति में नरमी के बीच ब्याज दर में कटौती की कम होती संभावना एवं केंद्रीय बैंक द्वारा किसी भी हस्तक्षेप से रुपये को निचले स्तर पर समर्थन मिल सकता है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, 90.26 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 90.30 के निचले और 89.94 के उच्च स्तर पर पहुंचा। अंत में डॉलर के मुकाबले 90.29 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से छह पैसे की गिरावट है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.23 पर बंद हुआ था।



मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, "केंद्रीय बैंक के हस्तक्षेप की संभावना से शुरुआती कारोबार में भारतीय रुपये में मजबूती आई। हालांकि मजबूत डॉलर, विदेशी निवेशकों की निकासी और घरेलू बाजारों में आई गिरावट ने इस तेजी को सीमित कर दिया और रुपया अंत में गिरावट के साथ बंद हुआ।" चौधरी ने कहा, "वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और भू-राजनीतिक तनाव के कारण रुपये के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने का अनुमान है।" उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की हाजिर कीमत के 89.95 से 90.50 के दायरे में रहने के आसार हैं।

इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.02 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.11 पर रहा।

## मर्सिडीज भारत में 'जीएलएस मायबाख' मॉडल का उत्पादन शुरू करेगी

**पुण।** की लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज-बेंज भारत में अपने अल्ट्रा-लक्जरी एसयूवी मॉडल 'जीएलएस मायबाख' का स्थानीय स्तर पर उत्पादन शुरू करेगी। इसके साथ ही भारत अमेरिका के बाहर ऐसा एकमात्र देश बन जाएगा, जहां इस मॉडल की स्थानीय असेंबली की जाएगी। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी संतोष अय्यर ने बुधवार को पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि वर्ष 2025 में भारत कंपनी के मायबाख ब्रांड के लिए दुनिया के शीर्ष पांच बाजारों में शामिल हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत में मायबाख श्रृंखला के तहत जीएलएस मायबाख सबसे अधिक बिकने वाला मॉडल है, जिसे फिलहाल अमेरिका के अलबामा स्थित टस्कालूसा संयंत्र से आयात किया जाता है।

# घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरे सत्र में गिरावट, सेंसेक्स 245 अंक टूटा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट जारी रही। वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने के बीच आईटी और चुनिंदा बैंक शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 245 अंक टूटा जबकि निफ्टी में 66 अंक की गिरावट आई।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी और शुल्क संबंधी नई अनिश्चितताओं ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 244.98 अंक यानी 0.29 प्रतिशत टूटकर 83,382.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 442.49 अंक यानी 0.52 प्रतिशत फिसलकर 83,185.20 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 66.70 अंक



यानी 0.26 प्रतिशत फिसलकर 25,665.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, एशियन पेंट्स, मारुति, सन फार्मा, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक और लार्सन एंड टुब्रो के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी ओर टाटा स्टील, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर में तेजी रही। एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंग सेंग बढ़त के साथ बंद हुए जबकि चीन का एसएसई कम्पोजिट नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर कारोबार में बढ़त का रुख था। वहीं अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 0.99 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.82 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,499.81 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,181.78 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स मंगलवार को 250.48 अंक जबकि निफ्टी 57.95 अंक टूटा था।



# सुजैन खान ने ऋतिक रोशन और सबा आजाद पर लुटाया प्यार किया खास पोस्ट



**मुंबई।** अभिनेता ऋतिक रोशन और सुजैन खान भले ही साल 2014 में अलग हो चुके हों, लेकिन दोनों के बीच आज भी दोस्ती और आपसी सम्मान का रिश्ता कायम है। 10 जनवरी को ऋतिक ने अपना 52वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके को लेकर सुजैन खान ने सोशल मीडिया पर एक भावुक और खूबसूरत पोस्ट शेयर किया। सुजैन के इस पोस्ट में खास बात यह रही कि उन्होंने न सिर्फ अपने पूर्व पति ऋतिक के लिए प्यार जताया, बल्कि उनकी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के लिए भी दिल से शुभकामनाएं दीं। हालांकि, इस खुलेपन और अपनापन भरे अंदाज को लेकर सुजैन को सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग का भी सामना करना पड़ा। सुजैन ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें ऋतिक रोशन अपने दोनों बेटों के साथ नजर आ रहे हैं। वीडियो में ऋतिक की गर्लफ्रेंड सबा आजाद और सुजैन के मौजूदा पार्टनर अर्सलान गोनी की झलक भी दिखाई देती है। इस वीडियो के जरिए सुजैन ने एक खुशहाल और परिपक्व रिश्ते की तस्वीर पेश की, जिसे कई फैंस ने सराहा तो कुछ लोगों को यह रास नहीं आया। वीडियो के साथ सुजैन ने कैप्शन में लिखा, क्योंकि तुम हमेशा हम सबके लिए तारों भरा आसमान रहोगे३ हैप्पी बर्थडे रे.. तुम्हें और सबू को खूब प्यार और जिंदगी की बेहतरीन चीजें मिलें३ यहां से अनंत तक, हमें परिवार की तरह जुड़े रहना है३ हम सभी धन्य हैं और यूनिवर्स हम सबकी रक्षा करेगा। ऋतिक रोशन और सुजैन खान बचपन के दोस्त रहे हैं, जिनकी प्रेम कहानी दिसंबर 2000 में शादी के बंधन तक पहुंची। हालांकि 14 साल की शादी के बाद दोनों ने साल 2014 में आपसी सहमति से तलाक ले लिया, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने रिश्तों को सम्मान और समझदारी के साथ निभाने की मिसाल पेश की। तलाक के बाद भी ऋतिक और सुजैन ने बेहतरीन को-पेरेंटिंग का उदाहरण कायम रखा है। वे अक्सर अपने बच्चों के साथ फैमिली इवेंट्स, वेकेशन और अहम मौकों पर एक साथ नजर आते हैं। बच्चों के हर बड़े माइलस्टोन को मिलकर सेलिब्रेट करना उनके परिपक्व रिश्ते को दर्शाता है।

# रहस्य की दुनिया में ले जाएगी जावेद जाफरी की 'मायासभा', टीजर रिलीज



फिल्म 'तुम्बाड' से अपनी अलग पहचान बनाने वाले निर्देशक अनिल बर्वे एक बार फिर रहस्य और डर की दुनिया में दर्शकों को ले जाने के लिए तैयार हैं। उनकी अगली फिल्म 'मायासभा' काफी समय से चर्चा में बनी हुई है। पिछले साल नवंबर में रिलीज हुए इसके पोस्टर में जावेद जाफरी के रहस्यमयी अवतार ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी थी। अब साल 2026 की शुरुआत में मेकर्स ने फिल्म का टीजर जारी कर दिया है, साथ ही इसकी नई रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'मायासभा' के टीजर की शुरुआत जावेद जाफरी की गंभीर और रहस्यमयी आवाज से होती है। वह कबीरदास का दोहा पढ़ते सुनाई देते हैं, ३माटी कहे कुम्हार से तू क्या रौंदेगी मोहे, एक दिन ऐसा आएगा कि मैं रौंदूंगी तोए।३ इसके बाद टीजर में कई डरावने और रहस्य से भरे दृश्य दिखाई देते हैं, जो फिल्म के अंधेरे और तिलिस्मी माहौल की झलक देते हैं। जावेद जाफरी का अवतार बेहद गंभीर, गहन और डर पैदा करने वाला नजर आता है। फिल्म 'मायासभा' की कहानी 1980 के दशक के दौर में सेट की गई है। इसके जरिए मेकर्स जादू-टोना, तंत्र-मंत्र और एक रहस्यमयी दुनिया को बड़े पर्दे पर उतारने वाले हैं। पहले फिल्म की रिलीज तारीख 16 जनवरी, 2026 तय की गई थी, लेकिन अब इसे आगे बढ़ाते हुए 30 जनवरी, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज करने का फैसला लिया गया है। टीजर सामने आने के बाद से ही फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और भी बढ़ गई है।

# 'राहु केतु' को मिला बड़े सितारों का समर्थन दिग्गजों की सराहना के बाद माहौल और गर्म




फिल्म 'राहु केतु' को लेकर इंडस्ट्री में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है और अब इसे बड़े-बड़े सितारों का समर्थन भी मिल रहा है। अमिताभ बच्चन, सलमान खान, संजय दत्त, अली फ़ज़ल और ऋत्विक धनजानी जैसे दिग्गजों की सराहना के बाद फिल्म को लेकर माहौल और गर्म हो गया है। ट्रेलर रिलीज़ के बाद से ही फिल्म चर्चा में बनी हुई है और इसे दर्शकों के साथ-साथ फिल्म इंडस्ट्री से भी भरपूर प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म के लिए यह खुशी का पल तब और खास बन गया, जब कॉमेडी के माहिर निर्देशक अनीस बज़्मी ने 'राहु केतु' की टीम को बधाई दी। 'वेलकम', 'नो एंट्री' और 'सिंह इज़ किंग' जैसी सुपरहिट फिल्मों के निर्देशन के लिए पहचाने जाने वाले अनीस बज़्मी का समर्थन मिलना फिल्म के लिए बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। अभिनेत्री कृति सेनन ने ट्रेलर को हंसी से भरपूर और पूरी तरह मनोरंजक बताया, जबकि बॉबी देओल ने भी टीम को शुभकामनाएं देकर उत्साह बढ़ाया है। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज़ नज़दीक आ रही है, दर्शकों की उत्सुकता भी तेज़ी से बढ़ रही है। जब पूरी इंडस्ट्री एक साथ समर्थन में खड़ी नजर आए और माहौल में कॉमेडी व उत्साह की झलक हो, तो साफ है कि 'राहु केतु' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक खास सिनेमाई अनुभव बनने जा रही है। ज़ी स्टूडियोज़ की प्रस्तुति, ज़ी स्टूडियोज़ और बीलाइव प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित यह फिल्म 16 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है।

# 'द राजा साब' की कमाई में लगातार गिरावट 40वें दिन भी 'धुरंधर' की मजबूत पकड़



'बाहुबली' जैसी मेगा ब्लॉकबस्टर देने वाले प्रभास से उनकी हर नई फिल्म को लेकर दर्शकों की उम्मीदें आसमान छूती हैं। जब अभिनेता ने पहली बार हॉरर-कॉमेडी जॉनर की फिल्म 'द राजा साब' साइन की, तो इसे लेकर काफी उत्साह देखा गया। 9 जनवरी को रिलीज हुई इस फिल्म से निर्माताओं और दर्शकों को बड़ी कमाई की उम्मीद थी, लेकिन रिलीज के महज पांच दिनों में ही इसके बॉक्स ऑफिस आंकड़े निराशाजनक साबित हो रहे हैं। करीब 400 करोड़ के भारी बजट में बनी इस फिल्म के लिए लागत निकालना भी अब मुश्किल नजर आने लगा है। फिल्म ने पहले दिन शानदार शुरुआत करते हुए सभी को चौंका दिया था। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, 'द राजा साब' ने ओपनिंग डे पर 53.75 करोड़ रुपये की कमाई की। दूसरे दिन यह आंकड़ा गिरकर 26 करोड़ रहा, जबकि तीसरे दिन फिल्म 19.1 करोड़ ही जुटा पाई। असली झटका कारोबारी दिनों में लगा, जब चौथे दिन कमाई घटकर 6.6 करोड़ और पांचवें दिन सिर्फ 4.85 करोड़ रुपये रह गई। पांच दिनों में फिल्म का कुल घरेलू कलेक्शन 119.45 करोड़ रुपये तक पहुंच पाया है। दूसरी ओर रणवीर सिंह और अक्षय खन्ना स्टारर जासूसी एक्शन-ड्रामा 'धुरंधर' अब भी बॉक्स ऑफिस पर टिके रहने की कोशिश कर रही है। फिल्म ने रिलीज के 40वें दिन 2.50 करोड़ रुपये की कमाई की, जो 39वें दिन के 2.35 करोड़ से थोड़ा बेहतर है। इसके साथ ही घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का कुल कलेक्शन 810.50 करोड़ रुपये हो चुका है। ओवरसीज कमाई जोड़ने के बाद 'धुरंधर' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन करीब 1262.5 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

# विदेश

## संक्षिप्त खबरें

### राजतंत्र समर्थक प्रदर्शन के लिए 50 लाख लोगों को संदेश भेजने वाला युवक गिरफ्तार

**काठमांडू।** राजतंत्र के समर्थन में प्रदर्शन में शामिल होने के लिए अनधिकृत रूप से 50 लाख लोगों को एक साथ संदेश भेजने के आरोप में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एसपी काजी कुमार आचार्य के अनुसार काठमांडू अपराध अनुसंधान कार्यालय की टीम ने मंगलवार रात चितवन निवासी निर्देश सेढाईं को हातीसार क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। वाहन व्यवसाय से जुड़े 34 वर्षीय सेढाईं ने नेपाल टेलिकम के गेटवे का उपयोग कर 'एटी अलर्ट' प्रणाली के माध्यम से 50 लाख एसएमएस भेजे थे। एसपी आचार्य के अनुसार सेढाईं ने स्वयं 50 लाख लोगों को संदेश भेजने की बात स्वीकार की है। एसपी आचार्य ने बताया कि उकसाने के आरोप में उनके खिलाफ सार्वजनिक हित के विरुद्ध अपराध के तहत जांच की जाएगी। नेपाल टेलिकम ने भी बुधवार को एक बयान में कहा कि वह केवल व्यापार-व्यवसाय प्रवर्द्धन के उद्देश्य से ही एसएमएस प्रसारण की अनुमति देता है। कुछ दिन पहले व्यक्तिगत स्तर पर प्रदर्शन के लिए अनधिकृत संदेश आने पर गोपनीयता भंग होने का आरोप लगाते हुए नेपाल टेलिकम की आलोचना की जा रही थी।

### इज़राइल ने सात वैश्विक संस्थाओं से संबंध तोड़े

**तेल अवीव।** इज़राइल ने संयुक्त राष्ट्र के छह निकायों सहित सात वैश्विक संस्थाओं पर इजराइल विरोधी रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए उनसे संबंध तोड़ने की घोषणा की है। इजराइल के विदेशमंत्री गिदोन सा'आर ने यह घोषणा की। फैसले के कारणों का उल्लेख करते हुए उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की संस्थाओं में इजराइल विरोधी रवैया अपनाये जाने का आरोप लगाया है। सा'आर ने सात अक्टूबर को यौन हिंसा के मामलों को नजरअंदाज करने के लिए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र संस्था की निंदा की और उस पर फिजूलखर्ची करने का आरोप जड़ा। द टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, विदेशमंत्री गिदोन सा'आर ने बताया कि इजराइल ने तुरंत प्रभाव से, बच्चों और सशस्त्र संघर्ष के लिए महासचिव के विशेष प्रतिनिधि के कार्यालय, लैंगिक समानता एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए संयुक्त राष्ट्र संस्था यूएन वीमन, व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, पश्चिमी एशिया के लिए संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक आयोग, सभ्यताओं का संयुक्त राष्ट्र गठबंधन, संयुक्त राष्ट्र ऊर्जा तथा प्रवासन एवं विकास पर वैश्विक मंच (जीएफएमडी) को छोड़ने का फैसला किया है। जीएफएमडी संयुक्त राष्ट्र की संस्था नहीं है। उन्होंने इस फैसले की घोषणा करते हुए कहा कि वह बच्चों और सशस्त्र संघर्ष के लिए महासचिव के विशेष प्रतिनिधि के कार्यालय के साथ सहयोग खत्म कर रहा है।

## हादसे का शिकार हुई बैंकॉक से थाईलैंड जा रही रेलगाड़ी

# 29 लोगों की मौत





**बैंकॉक।** थाईलैंड के उत्तर पूर्वी क्षेत्र में बुधवार को एक यात्री ट्रेन पर निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली क्रेन के गिर जाने के बाद ट्रेन के पटरी से उतर जाने के कारण 29 लोगों की मौत हो गई और 64 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बचावकर्मी अब भी मलबे में तलाश कर रहे हैं और लोगों को प्राथमिक उपचार मुहैया करा रहे हैं। यह हादसा महत्वाकांक्षी हाई-स्पीड रेल परियोजना निर्माण के दौरान हुआ। यह परियोजना चीन को दक्षिण-पूर्व एशिया के अधिकतर हिस्सों से जोड़ेगी। नाखोन रत्चासिमा प्रांत के जनसंपर्क कार्यालय के अनुसार, दुर्घटना उस वक्त हुई जब रेलवे के एक ऊंचे हिस्से का निर्माण करने के लिए इस्तेमाल की जा रही क्रेन बैंकॉक से उबोन रत्चाथानी प्रांत की ओर जा रही ट्रेन पर गिर गई। इस घटना के बाद ट्रेन पटरी से उतर गई और उसमें आग लग गई। परिवहन मंत्री पिफत रत्चकितप्राकन ने बताया कि उन्होंने दुर्घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

## बांग्लादेश: मतदान अभियान 22 जनवरी से शुरू होगा

**ढाका।** बांग्लादेश में 22 जनवरी से कड़ी सुरक्षा के बीच चुनाव प्रचार शुरू होगा। बांग्लादेश में 12 फरवरी को आम चुनाव होंगे, जो अगस्त 2024 में छात्रों के हिंसक प्रदर्शन में शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार के सत्ता से बेदखल होने के बाद पहले चुनाव होंगे। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, संशोधित चुनाव कार्यक्रम के मुताबिक, निर्वाचन अधिकारियों के फैसलों के खिलाफ अपील का निपटारा 10 से 18 जनवरी के बीच किया जाएगा। उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तारीख 20 जनवरी है। निर्वाचन अधिकारी 21 जनवरी को उम्मीदवारों की अंतिम सूची प्रकाशित करेंगे और चुनाव चिन्ह आवंटित करेंगे। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, चुनाव प्रचार 22 जनवरी से शुरू होगा और 10 फरवरी को सुबह 7:30 बजे तक चलेगा।

मतदान 12 फरवरी को सुबह 7:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक होगा। चुनाव आयोग (ईसी) 22 जनवरी से आठ लाख से अधिक पीठासीन और सहायक पीठासीन अधिकारियों को प्रशिक्षण देना भी शुरू करेगा, जो 12 फरवरी को जनमत संग्रह के साथ होने वाले आम चुनावों की तैयारियों का हिस्सा है। चुनाव प्रशिक्षण संस्थान (ईटीआई) के महानिदेशक मुहम्मद हसनुज्जमां ने बुधवार को बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम सात फरवरी तक जारी रहेगा। मंगलवार को मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने इस बात की पुष्टि की कि उनकी सरकार 12 फरवरी को निर्धारित समय पर आम चुनाव और जनमत संग्रह कराने के लिए प्रतिबद्ध है, चाहे कोई कुछ भी कहे। मुख्य सलाहकार ने कहा, ३चाहे कोई कुछ भी कहे, चुनाव 12 फरवरी को ही होंगे – एक दिन पहले नहीं, एक दिन बाद नहीं। उन्होंने कहा कि मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होगा और उत्सवपूर्ण माहौल में आयोजित किया जाएगा। मुख्य सलाहकार ने ये टिप्पणी उस समय की जब दो पूर्व वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक अल्बर्ट गॉम्बिस और मॉर्स टैन ने मंगलवार रात ढाका के स्टेट गेस्ट हाउस जमुना में उनसे मुलाकात की। दोनों डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के दौरान सेवा कर चुके हैं। यूनुस ने कहा कि चुनावों को लेकर जानबूझकर भ्रम फैलाने के लिए फर्जी खबरों की बाढ़ आ गई थी।

## नेपाल में एसबीआई बैंक डकैती की जांच के दौरान 60 हजार डॉलर बरामद



**काठमांडू।** सिंधुली पुलिस ने एसबीआई बैंक डकैती की जांच के दौरान 60 हजार अमेरिकी डॉलर नकद बरामद किए हैं। यह विदेशी मुद्रा मंगलवार देर रात काठमांडू से इलाम जा रहे एक टाटा सूमो (बा 16 च 8048) वाहन से बरामद की गई। पुलिस के अनुसार रात करीब 11 बजे खुर्कोट बाजार स्थित चेकपोस्ट पर नियमित वाहन जांच के दौरान यह रकम झापा के मेचीनगर निवासी 34 वर्षीय युवराज नेवार के पास से एक काले बैग में मिली। बैग में 100 डॉलर के 600 नोट (कुल 60 हजार डॉलर) तथा 1,000 रुपये के 12 नोट (कुल 12 हजार) नेपाली रुपये पाए गए। दरअसल, सिन्धुली स्थित नेपाल एसबीआई बैंक में मंगलवार रात करीब 8 बजकर 40 मिनट पर तीन करोड़ से अधिक की लूट हुई है। इस घटना को अंजाम देने के लिए लुटेरे काठमांडू के पास रहे काभ्रे से गाड़ी भाड़े पर ले गए थे। पुलिस के अनुसार कुल 3 करोड़ 10 लाख 95 हजार 283 रुपये लूट लिए गए। डीएसपी सूर्यप्रकाश सुवेदी के मुताबिक लूटे गए पैसों में से 1 करोड़ 80 लाख 10 हजार 500 रुपये नकद जंगल में फेंके हुए अवस्था में बरामद कर लिए गए हैं। हालांकि कुछ रकम मिलने के बावजूद लुटेरे अब भी फरार हैं और उनकी तलाश जारी है। सिंधुली पुलिस ने एसबीआई बैंक लूटकांड की जांच के लिए अपने सभी कर्मियों को तैनात किया हुआ है। इसी अभियान के तहत झापा की ओर जा रहे इस वाहन से विदेशी मुद्रा बरामद की गई। पुलिस ने संबंधित वाहन और व्यक्ति को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## पाक व्यक्ति से शादी करने वाली भारतीय सिख महिला को गिरफ्तार कर आश्रय गृह भेजा गया

**लाहौर।** पाकिस्तान यात्रा के दौरान नवंबर में एक स्थानीय मुस्लिम से शादी करने वाली भारतीय सिख महिला को गिरफ्तार कर लाहौर के एक सरकारी आश्रय गृह में भेज दिया गया। पंजाब सरकार के सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

सरबजीत कौर (48) उन 2,000 सिख तीर्थयात्रियों में शामिल थीं, जिन्होंने गुरु नानक जयंती से संबंधित समारोहों में भाग लेने के लिए पिछले साल नवंबर में भारत से वाघा सीमा के रास्ते पाकिस्तान में प्रवेश किया था। कुछ दिनों बाद तीर्थयात्री वतन लौट गए, लेकिन कौर लापता हो गईं। लाहौर पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बाद में बताया कि कौर ने पाकिस्तान पहुंचने के एक दिन बाद चार नवंबर को लाहौर से लगभग 50 किलोमीटर दूर शेखूपुरा जिले के नासिर हुसैन से शादी कर ली। बाद में, कौर और हुसैन ने लाहौर उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर शिकायत की कि पुलिस ने शेखूपुरा के फारूकाबाद स्थित उनके घर पर अवैध रूप से छापा मारा और उन पर शादी खत्म करने के लिए दबाव डाला। लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश फारूक हैदर ने पुलिस को आदेश दिया कि वे दंपति को प्रताड़ित करना बंद करे। पंजाब सरकार के एक सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, "अदालत के आदेश का पालन करने के बजाय, पंजाब पुलिस ने दंपति को गिरफ्तार कर लिया और कौर को लाहौर के दारुल अमान (सरकारी आश्रय गृह) भेज दिया।" उन्होंने कहा कि अधिकारी कौर को निर्वासित करना चाहते हैं जबकि उनके पति एक मामले के चलते पुलिस हिरासत में हैं। सूत्र ने कहा, "अधिकारियों ने कौर को निर्वासित करने का प्रयास किया था, लेकिन वाघा-अटारी सीमा बंद होने के कारण वे असफल रहे।

इससे पहले, एक वीडियो में कौर ने कहा कि उन्होंने अपने वीजा की अवधि बढ़वाने के लिए इस्लामाबाद में राजनयिक मिशन से संपर्क किया और पाकिस्तानी नागरिकता के लिए भी आवेदन किया। उन्होंने कहा, "मैं तलाकशुदा हूं और हुसैन से शादी करना चाहती थी; मैं यहां इसी उद्देश्य से आई हूं।" निकाह समारोह से पहले कौर को नूर नाम दिया गया था।